दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 9 | खेल/मनोरंजन

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 2 जुलाई 2023, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 93 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

ये अंग्रेजी भी न अर्थ का अनर्थ कर देती है। समान नागरिक संहिता का सीधा अर्थ सभी को समझ में आ जाता है की सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून। इसे अंग्रेजी में यूनीफार्म सिविल कोड (यूसीसी) के रूप में ज्यादा प्रचारित किया जा रहा है। जिसका हिन्दी में मतलब कम पढ़े लिखे लोगों के पल्ले नहीं पड़ रहा है। वे इसके विरोध में गला फाड़ने लगे है। सरकार को ऐसे बुड़बको का यह भ्रम दूर करना चाहिए कि यूनीफार्म सिविल कोड का मतलब सबसे के लिए धोती कुर्ता पहनना अनिवार्य करना नहीं है। देख लेना आधा विरोध खत्म हो जाएगा।

अमरनाथ यात्रा शुरू

बालटाल (एजेंसी)। 62 दिन की अमरनाथ यात्रा शनिवार से शुरू हो गई। पवित्र गुफा मंदिर की पहली तस्वीर भी सामने आई। सुबह मंत्रोच्चार के साथ आरती की गई। तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे ने गुफा मंदिर की ओर अपनी यात्रा शुरू कर दी है।

अब 25 सेवाएं घर के दरवाजे तक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का विस्तार किया। इस अवसर पर श्री बघेल ने मुख्यमंत्री मितान योजना का सभी नगर पालिकाओं में शुभारंभ किया, जिसके बाद अब मितान योजना में श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की सुविधा घर बैठे हितग्राहियों को मिलेगी।

अब तक मुख्यमंत्री मितान योजना की सुविधा नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को मिल रही थीं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का भी शुभारंभ किया ताकि शहरी क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि नागरिकों में नीली गाड़ी के नाम से मशहूर एमएमयू की बड़ी लोकप्रियता है, जिसके बाद नागरिकों की आवश्यकताओं को देखते हुए गाड़ियों की संख्या बढ़ाई गई है। इसका वर्चुअल शिलान्यास आज किया गया है। सर्विस डिलिवरी को मजबूत करने, नागरिकों को घर बैठे प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरूआत की गई। छत्तीसगढ़ के नगर निगम क्षेत्रों में नागरिकों को घर बैठे विभिन्न शासकीय दस्तावेज मितान के माध्यम से उपलब्ध हो रहे हैं। मुझे आशा है कि इस अभिनव प्रयास से हमारे शहरों में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे, साथ ही शहरी अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

घर बैठे 1 लाख लोगों को मिला लाभ

मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत अब तक 99 हजार 999 सर्टिफिकेट घर पहुंचाएं जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को मितान योजना का एक लाखवां सर्टिफिकेट हितग्राही शीतल सोहले, अंकिता सोहले, ईशा सोहले, सूर्या सोहले, शशांक सोहले को सौंपा। सोहले परिवार ने राशन कार्ड हेतु मितान से संपर्क किया था, मुख्यमंत्री ने स्वयं अपने हाथों से सोहले परिवार को राशनकार्ड भेंट किया। इसी तरह ऋतु शर्मा, आराध्या शर्मा और अनन्या पाण्डे को आधार कार्ड एवं डॉ. नेहा भल्ला को पैन कार्ड प्रमाण पत्र प्रदान किया।

अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क की शुरुआत

सीएम ने कहा कि अब शहरी क्षेत्रों में स्टार्टअप उद्यमियों तथा स्व-सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क की शुरुआत हम करने जा रहे हैं। इसका वर्चुअल शिलान्यास आज किया गया है। सर्विस डिलिवरी को मजबूत करने, नागरिकों को घर बैठे प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरूआत की गई। छत्तीसगढ़ के नगर निगम क्षेत्रों में नागरिकों को घर बैठे विभिन्न शासकीय दस्तावेज मितान के माध्यम से उपलब्ध हो रहे हैं। मुझे आशा है कि इस अभिनव प्रयास से हमारे शहरों में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे, साथ ही शहरी अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी।

बस पलटी, आग लगी, 25 मौतें

ड्राइवर की लापरवाही से हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ड्राइवर ने बस पर संतुलन खो दिया था। बस पहले एक लोहे के खंभे से टकराई। फिर रोड के बीच बने कन्क्रीट के डिवाइडर से टकराकर पलट गई। बस बाईं तरफ पलटी, जिससे बस का दरवाजा नीचे आ गया। लोगों के पास बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। वहां मौजूद लोगों का कहना है कि पलटने से बस का डीजल टैंक फट गया। इससे डीजल सड़क पर फैल गया। इससे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया।

बुलढाणा (एजेंसी)। महाराष्ट्र के बुलढाणा में शुक्रवार देर रात एक बस हादसा हो गया। नागपुर से पुणे जा रही बस खंभे से टकराकर डिवाइडर पर चढ़ गई और पलट गई, जिससे उसमें आग लग गई। बस में 33 लोग सवार थे, जिसमें 25 की जलने से मौके पर मौत हो गई। इनमें 3 बच्चे भी शामिल हैं। 8 लोगों ने बस की खिड़की का शीशा तोड़कर जान बचाई।

हादसा रात करीब 1.30 बजे बुलढाणा जिले के सिंदखेड़ाराजा के पास पिंपलखुटा गांव के पास समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे पर हुआ। बुलढाणा एसपी सुनील कड़ासेन ने मीडिया को बताया कि हादसे में बस का ड्राइवर बच गया है। उसने बताया कि टायर फटने के बाद हादसा हुआ और बस में आग लग गई। बाद में बस के डीजल टैंक ने आग पकड़ ली, जिससे आग फैल गई। बस में करीब 33 यात्री सफर कर रहे थे। ज्यादातर की मौत जलने से हुई। महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने बताया कि पुलिस ने बस ड्राइवर और कंडक्टर को हिरासत में ले लिया है।

आदिवासियों को भूल गई कांग्रेस : राजनाथ

कांकेर/नवप्रदेश। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंचे। रायपुर एयरपोर्ट पर बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। रायपुर में कुछ देर रुकने के बाद राजनाथ सिंह सीधे कांकेर के लिए रवाना हुए। यहां नरहरदेव मैदान में रक्षा मंत्री ने जनसभा को संबोधित किया। रक्षा मंत्री ने अपना संबोधन छत्तीसगढ़ी से शुरू किया और सभी को 'जय जोहार' कहा। उन्होंने कहा कि 'बस्तर का पूरा इलाका मैं पूरा तरह से जानता हूं। मुझे याद है जब मैं पहली बार छत्तीसगढ़ बतौर प्रभारी आया था तब भ्रष्टाचार का आलम था। कांग्रेस के खिलाफ किसी को बोलने की हिम्मत नहीं थी। फिर 2003 में डॉ. रमन सिंह के हाथों प्रदेश की बागडोर सौंपी गई। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस ने प्रदेश की दिशा बदल दी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, '2018 में आपने सरकार बदल दी। आपको लगा कि नई सरकार का स्वाद चख लें, लेकिन यह सरकार कैसी है, यह आपको पता है। कांग्रेस ने प्रदेश की दिशा ही बदल दी है। केंद्र सरकार ने कोई भेदभाव नहीं किया है। हमने दिल खोलकर मदद की है, मैं आप लोगों से पूछना चाहता हूं, छत्तीसगढ़ बनाने के पीछे की जरूरत क्या थी? अटल जी चाहते थे आदिवासी भाई आगे आएं, यही उनकी मंशा थी। इतिहास में पहली बार अलग से आदिवासियों के लिए काम किया गया, मंत्रालय बनाया गया, वो काम अटल जी ने किया है, वही काम 'पीएम नरेंद्र मोदी भी आदिवासियों के लिए कर रहे हैं।

पीएम के स्वागत की तैयारी में जुटी भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 जुलाई को रायपुर आएंगे। इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी है। शनिवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक हाई लेवल मीटिंग रखी गई। प्रदेश प्रभारी ओम माथुर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पीएम के रायपुर दौरे को लेकर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायपुर में आम सभा संबोधित करने के बाद यूपी के लिए रवाना होंगे। माना जा रहा है कि रायपुर में इस दौरान पीएम केंद्र सरकार से जुड़े कुछ बड़े प्रोजेक्ट का लोकार्पण भी कर सकते हैं। फिलहाल प्रधानमंत्री कार्यालय से तय कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है, जो की जल्द जारी हो सकता है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन लांच

शहडोल/नवप्रदेश। सिकल सेल एनीमिया। एक ऐसी बीमारी जिसका जिक्र कर आज पीएम मोदी ने अपने विरोधियों को निशाने पर लिया। पीएम मोदी शनिवार शाम मध्य प्रदेश के शहडोल में आदिवासी समाज के बीच एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसी दौरान उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों को सिकल सेल एनीमिया से बचाने का संकल्प भी लिया। पीएम ने कहा, हर साल सिकल सेल एनीमिया की गिरफ्त में आने वाले 2.5 लाख बच्चों और उनके परिवारजनों के जीवन बचाने का हम संकल्प लेते हैं। इसके बाद पीएम ने इस बीमारी के बारे में जोर देते हुए कहा कि यह एक ऐसी बीमारी है जो कि परिवारों को बिखेर देती है। यह बीमारी माता-पिता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इन राज्यों में लागू किया जाएगा मिशन

इस मिशन का उद्देश्य विशेष रूप से आदिवासी आबादी के बीच सिकल सेल बीमारी को लेकर लोगों के जागरूक करना है। यह मिशन देश के गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, असम, उत्तर प्रदेश, केरल, बिहार और उत्तराखंड के 278 जिलों में लागू किया जाएगा।

देश की इतनी आबादी प्रभावित

आपको बताते चलें कि ये एक ऐसी बीमारी है जिसने देश के 17 राज्यों में रहने वाले लगभग 7 करोड़ से अधिक आदिवासी आबादी को अपना शिकार बना रखा है। मुख्य रूप से ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और केरल में यह बीमारी जड़े जमाए हुए है। एक बड़ी आबादी को इस बीमारी से बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज से राष्ट्रीय स्तर पर सिकल सेल एनीमिया मिशन 2047 की शुरुआत की है।

संसद का मानसून सत्र 20 से

नई दिल्ली (वार्ता)। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को कहा कि संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा और 11 अगस्त तक चलेगा। श्री जोशी ने सभी दलों से सत्र के दौरान सार्थक चर्चा में योगदान देने का भी आग्रह किया। संसदीय कार्यमंत्री ने ट्वीट किया, संसद का मानसून सत्र 2023 आगामी 20 जुलाई से शुरू होगा और 11 अगस्त तक चलेगा। सत्र के दौरान सभी दल से आग्रह है कि विधायी कामकाज और अन्य विषयों पर सार्थक चर्चा करने में योगदान दें। गौरतलब है ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सहमति की उम्र 18 से 16 करने पर विचार करे केन्द्र

■ **हाईकोर्ट की ग्वालियर पीठ ने भारत सरकार से किया अनुरोध**

जबलपुर/नवप्रदेश। बलात्कार के आरोपी 23-वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करते हुए, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर पीठ ने मंगलवार को भारत सरकार से अनुरोध किया कि वह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 375 के तहत किशोर लड़कों के साथ होने वाले अन्याय से बचने के लिए सहमति की उम्र 18 से घटाकर 16 करने पर विचार करे। न्यायमूर्ति दीपक कुमार अग्रवाल की एकल पीठ ने कहा कि धारा-375 में संशोधन कर अभियोक्ता की उम्र 16 वर्ष से बढ़ाकर 18 वर्ष करने से समाज का सामाजिक ताना-बाना बिगड़ गया है। आदेश में कहा गया है, आजकल सोशल मीडिया जागरूकता और आसानी से सुलभ इंटरनेट कनेक्टिविटी के कारण, 14 साल की उम्र के करीब हर पुरुष या महिला कम उम्र में ही यौवन प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इससे पुरुष और महिला बच्चे एक-दूसरे के प्रति आकर्षित हो गए और परिणामस्वरूप सहमति से शारीरिक संबंध बनने लग गए। आदेश में अग्रवाल के हवाले से कहा गया, इन मामलों में पुरुष व्यक्ति बिल्कुल भी अपराधी नहीं हैं।

यह केवल उम्र की बात है जब वे महिलाओं के संपर्क में आते हैं और शारीरिक संबंध बनाते हैं। केवल इसी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अपराधी जैसा होता है व्यवहार

न्यायमूर्ति ने अपने आदेश में कहा, आमतौर पर किशोर उम्र के लड़के-लड़कियां दोस्ती करते हैं और उसके बाद आकर्षण के चलते शारीरिक संबंध बनाते हैं, लेकिन, इस जूनून के कारण समाज में लड़के के साथ अपराधी जैसा व्यवहार किया जाता है। आज अधिकांश आपराधिक मामले जिनमें अभियोजन पक्ष की उम्र 18 वर्ष से कम है, उपरोक्त विसंगति के कारण किशोर लड़कों के साथ अन्याय हो रहा है। इस प्रकार मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह अभियोजन पक्ष की उम्र को संशोधन से पहले की तरह 18 से घटाकर 16 वर्ष करने के मामले पर विचार करे ताकि अन्याय का निवारण किया जा सके।

किडनी खराब होने पर शरीर में मिलते हैं ये 5 लक्षण

लापरवाही पड़ सकती है भारी, दिखते ही तुरंत शुरू करा लें इलाज

किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, जो बल्ड से विषाक्त पदार्थों को हटाने और इन्हें फि्ल्टर कर यूरिन के रास्ते बाहर निकालने का काम करती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो ह्यूमन बॉडी में मौजूद दोनों किडनी मिलकर हर 24 घंटे में लगभग 200 लीटर तरल पदार्थ फि्ल्टर करती हैं। वहीं, अगर ये सही ढंग से काम करना बंद कर दें, तो शरीर के डिटॉक्सीनेशन की प्रक्रिया बाधित हो जाती है और कई बीमारियां व्यक्ति को घेर सकती हैं। ऐसे में किडनी की सेहत का ख्याल रखना बेहद जरूरी हो जाता है। इसी कड़ी में इस लेख में हम आपको 5 ऐसे लक्षणों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो बताते हैं कि हमारी किडनी पर गलत असर पड़ रहा है। इन लक्षणों को पहचानने से किडनी से जुड़ी बीमारियों का सही समय पर इलाज किया जा सकता है।



ड्राई और खुजली वाली स्किन:

किडनी ब्लड को फिल्टर करने से अलग रेड ब्लड सेल्स बनाने में भी मदद करती हैं। इससे हड्डियां मजबूत होती हैं और रक्त में खनिजों का सही स्तर बना रखता है। वहीं, किडनी के ठीक से काम नहीं करने पर बॉडी में खनिजों और पोषक तत्वों का संतुलन बिगड़ने लगता है, जिसका सीधा प्रभाव स्किन पर भी पड़ता है। इससे स्किन ड्राई होने लगती है, साथ ही पीड़ित व्यक्ति को बार-बार खुजली होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

बार-बार पेशाब आना:

अगर आपको बार-बार पेशाब जाना पड़ रहा है, तो ये भी किडनी के खराब होने की ओर संकेत है। किडनी के खराब होने पर इनके फि्ल्टर क्षतिग्रस्त हो जाते हैं जिसके चलते व्यक्ति को बार-बार पेशाब आने की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर आप भी इस तरह की परेशानी से जूझ रहे हैं, तो बिना अधिक देरी के डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

आंखों के नीचे सूजन:

अगर आप भी अपनी आंखों के नीचे बेवजह सूजन महसूस करते हैं, तो एक बार किडनी की जांच जरूर करा लें। आंखों के नीचे सूजन इस बात की ओर संकेत है कि आपके पेशाब में प्रोटीन की मात्रा का ज्यादा रिसाव हो रहा है। वहीं, पेशाब में प्रोटीन का आना एक प्रारंभिक संकेत है जो बताता है कि हमारे किडनी का फि्ल्टर क्षतिग्रस्त हो गया है।

पेशाब झागदार होना:

वहीं, अगर पेशाब ज्यादा झागदार है, तो समझ जाइए कि पेशाब के माध्यम से शरीर का प्रोटीन ज्यादा बाहर आ रहा है। ऐसे में भी बिना अधिक देरी के डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी हो जाता है।

मसल्स क्रैम्पस होना:

अगर आपको अक्सर उठते-बैठते मसल्स में क्रैम्पस की समस्या का सामना करना पड़ रहा है या पैर और पीठ में बेवजह जकड़न के साथ तेज दर्द महसूस हो रहा है, तो ये भी किडनी के खराब होने की ओर इशारा हो सकता है।

डायबिटीज भी होगी कंट्रोल आस-पास ही हैं ये चीजें

ये 5 नेचुरल हर्ब्स खून में चिपक चुकी गंदी शुगर को कर देंगे फ्लश आउट

डायबिटीज लाइफस्टाइल से संबंधित बीमारी है। यह ऐसी बीमारी है, जिसमें खून में शुगर की मात्रा बढ़ जाती है। एक तरह से खून में गंदी शुगर बढ़ने लगती है जिसके कारण यह खून के माध्यम से शरीर की नस-नस में दौड़ने लगती है। यही शुगर हार्ट, किडनी, लिवर तक पहुंचकर कई बीमारियों को बढ़ाने लगती है। डायबिटीज तब बनता है जब पैंक्रियाज में इंसुलिन हार्मोन कम बनता है या बनता ही नहीं है। इंसुलिन शुगर को पचाकर इसे एनर्जी में बदल देता है। जब इंसुलिन नहीं रहेगा तो शुगर यानी कार्बोहाइड्रैट का पाचन नहीं होगा और इससे खून में शुगर की मात्रा बढ़ जाएगी। यानी खून में ग्लूकोज की मात्रा बढ़ जाएगी।

डायबिटीज इसलिए होती है क्योंकि हम एक्सरसाइज नहीं करते हैं। बॉडी को एक्टिव नहीं रखते हैं, दिन भर एक जगह बैठे रहते हैं, टहलते नहीं हैं, अनहेल्दी खाना खाते हैं। जब इन स्थितियों में सुधार लाएंगे तो डायबिटीज की स्थिति में ब्लड शुगर नहीं बढ़ेगा। ज्यादातर लोग काम में मशगूल होकर थोड़ी भी एक्सरसाइज नहीं करते और अनहेल्दी खाना भी ज्यादा खाते हैं जिससे शुगर बढ़ती है। हालांकि कई ऐसी नेचुरल चीजें भी हैं जो खून में ब्लड शुगर की मात्रा को बढ़ने नहीं देती। किचन में मौजूद कुछ ऐसे हर्ब्स हैं जिनसे ब्लड शुगर को आसानी से घटाया जा सकता है।

दालचीनी की चाय:

दालचीनी हम सबके किचन में मौजूद रहती है। इसका स्वाद बेमिसाल होता है। दालचीनी का सेवन करने से खून में शुगर की मात्रा नहीं बढ़ती। एक अध्ययन में भी पाया गया कि दालचीनी का सेवन करने से फास्टिंग ब्लड शुगर का लेवल कम हो जाता है। ऐसे में अगर सुबह-सुबह दालचीनी का सेवन करेंगे तो दिन भर ब्लड शुगर कंट्रोल में रहेंगे।

एलोवेरा का जूस:

एलोवेरा ऐसा हर्ब्स है जो कई बीमारियों के लिए रामबाण है। आजकल तो एलोवेरा कई देशों में इस्तेमाल किया जाने लगा है। एलोवेरा हर तरह की क्रोनिक बीमारियों में काम आ सकता है। सुबह में यदि एलोवेरा का जूस पी लिया जाए तो पूरा दिन शुगर कंट्रोल में रहता है।

मेथी के पत्ते:

मेथी डायबिटीज के लिए रामबाण है। अगर आप मेथी के पत्ते को मोटे अनाज के आटे में मिलाकर रोज सेवन करेंगे तो 300 से ज्यादा भी ब्लड शुगर होगा तो वह इसे सेवन करने के बाद एकदम कंट्रोल हो जाएगा। मेथी में मेटाबोलिज्म से संबंधित सभी तरह बीमारियों को खत्म करने की क्षमता है। मेथी से ब्लड शुगर को भी कम किया जा सकता है।

जिनसेंग:

जिनसेंग एक पौधा होता है जिसका दवा के रूप में कई सालों से इस्तेमाल होता है। जिनसेंग में एंटी-डायबेटिक गुण होता है। जिनसेंग पेट में कार्बोहाइड्रैट के अवशोषण को बहुत धीमा कर देता है। जिनसेंग में इम्यूनिटी बूस्ट करने की भी क्षमता होती है।

रोजमेरी:

रोजमेरी के फूल में एंटी-डायबेटिक गुण होता है। इसे लोग सब्जी और करी में मिलाकर खाते हैं जिससे सब्जी का स्वाद बढ़ जाता है। रोजमेरी वजन को भी कम कर सकता है। रोजमेरी के सेवन से एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को भी कम किया जा सकता है।

'जीभ का रंग' खोल सकता है कई बीमारियों के राज़, सफेद धब्बे दिखने पर हो जाएं सावधान

आपने अक्सर देखा होगा जब कभी कोई व्यक्ति बीमार पड़ता है, तो डॉक्टर उससे सबसे पहले उसकी जीभ दिखाने के लिए कहते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि आपकी जीभ आपकी सेहत से जुड़े कई राज़ खोल सकती है। डॉक्टर मरीज़ की केवल जीभ देखने भर से उसकी हेल्थ प्रॉब्लम्स के बारे में आसानी से पता लगा लेते हैं। जीभ के रंग में होने वाले बदलावों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि व्यक्ति का स्वास्थ्य ठीक है या नहीं। इतना ही नहीं, जीभ का रंग कई तरह की बीमारियों के संकेत भी देता है। इस आर्टिकल में हम आपको इन्हीं संकेतों के बारे में बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं कि जीभ देखकर आप किस तरह अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं-

कैसा होता है स्वस्थ जीभ का रंग?
मेडिकल न्यूज टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, आमतौर पर हेल्दी बॉडी के लिए जीभ का रंग गुलाबी होना चाहिए, जिसपर एक पतली सफेद परत होती है। व्यक्ति के शरीर के अनुसार उसकी जीभ का रंग लाइट पिंक या डार्क पिंक हो सकता है। स्वस्थ जीभ पर किसी तरह के कोई दाग-धब्बे नहीं होते हैं, साथ ही जीभ नम होती है।

जीभ पर सफेद धब्बे देते हैं ये संकेत:
अगर आपकी जीभ पर सफेद धब्बे दिखाई देते हैं, तो ये यीस्ट इन्फेक्शन के संकेत हैं। ऐसी समस्या बच्चों और बुजुर्गों में ज्यादा देखने को मिलती है। इससे अलग जीभ पर सफेद धब्बे ल्यूकोप्लाकिया के कारण भी हो सकते हैं। ल्यूकोप्लाकिया आमतौर पर खतरनाक नहीं होता है, लेकिन यह कभी-कभी गंभीर हो सकता है। ज्यादातर ल्यूकोप्लाकिया धब्बे सौम्य हैं, तो वहीं इनमें से कुछ कैंसर की शुरुआत के संकेत भी हो सकते हैं।

काली जीभ से हो जाएं सावधान: काले रंग की जीभ शरीर के लिए खतरे की घंटी हो सकती है। अगर जीभ का रंग काला पड़ने लगे, तो ये गले में बैक्टीरिया या फंगस होने के संकेत हैं। कुछ दवाईयों का सेवन करने से और डायबिटीज के मरीजों की जीभ का रंग भी काला पड़ने लगता है। साथ ही ये रंग कैंसर, अल्सर जैसी गंभीर बीमारियों की ओर भी इशारा करती है। ऐसे में अगर आपकी जीभ का रंग काला पड़ने लगा है, तो बिना देरी किए डॉक्टर से जांच जरूर कराएं।

जीभ पर बाल करते हैं ये इशारा:कई बार मरीज़ की जीभ पर एक मोटी परत जम जाती है और उसपर बाल उगने जैसी समस्याए दिखने लगती है। 'ब्लैक हेरी टंग सिंड्रोम' के संकेत हैं। ये एक तरह की दुर्लभ स्थिति है जिसमें त्वचा पर मृत कोशिकाएं उभरने लगती हैं। ऐसा होने पर बिना देरी किए डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

नीली जीभ है खतरे की घंटी:
नीली या पर्पल जीभ हार्ट से जुड़ी बीमारियों की ओर इशारा करती है। हार्ट का काम बॉडी में ब्लड को पंप करना होता है। वहीं, जब किसी व्यक्ति का दिल सही ढंग से ब्लड पंप नहीं कर पाता है तो जीभ का रंग नीला या पर्पल होने लगता है। कई बार खून में ऑक्सीजन की कमी के चलते भी जीभ का रंग नीला पड़ने लगता है।

विचार

रेलयात्रियों के लिए खुशखबरी

राजधानी का रेलवे स्टेशन रेलवे की ग्रेडिंग में नं. 1 स्टेशनों में शामिल है। खुशखबरी यह है कि स्टेशन में बना प्लेटफार्म नं. 07 बनकर तैयार हो चुका है अब इस प्लेटफार्म से आवाजाही जल्द शुरू हो जाएगी। रेलवे ट्रैफिक बढ़ने से जो यात्रियों को कभी-कभार यात्रियों की संख्या बढ़ने से असुविधा बढ़ जाती थी, अब वह नहीं होगी? क्योंकि प्लेटफार्म नं07 जल्द ही लोकार्पित होकर ट्रेनों की आवाजाही इस प्लेटफार्म पर भी होगी। इसमें और विस्तार के बाद रेल यात्रियों को प्लेटफार्म नं. 7 की सौगात मिलने जा रही है। रायपुर रेलवे स्टेशन में फुट ओवरब्रिज और सात नंबर प्लेटफार्म का निर्माण पूरा हो चुका है। फुट ओवरब्रिज चालू होने में अभी समय है लेकिन सात नंबर प्लेटफार्म को बिना उद्घाटन के शुरू कर दिया गया है। इस पर ट्रेनों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। अब तक यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर दो और तीन से होकर जाना पड़ रहा था लेकिन अब वे सीधे सात नंबर पर आवाजाही कर रहे है। वर्तमान में दुर्ग और बिलासपुर छोर पर फुट ओवरब्रिज है, इसलिए ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही थी, इसे ध्यान में रखकर फूट ओवरब्रिज बनाया गया है। रेलवे का कहना है कि नए प्लेटफार्म नंबर सात शुरू होने से यात्रियों को आने-जाने में सहूलियत मिल रही है। इसके साथ ही यहां पर प्लेटफार्म नंबर एक की तरह ही यात्री सुविधा बढ़ाने का काम तेज गति से चल रहा है। रायपुर स्टेशन को खूबसूरत बनाने के लिए रेलवे प्रशासन लगातार विकास कार्य करा रहा है। स्टेशन का रि-डिवलपमेंट होना अभी बाकी है। स्टेशन के पुराने स्ट्रक्चर को तोड़कर नए माडल के रूप में इसे भव्य और आकर्षक बनाने की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक वीआईपी गेट के पास विकास का नया माडल रखा जायेगा। 400 करोड़ की लागत से रायपुर स्टेशन की सूरत बदलेगी। इसका माडल बनकर तैयार है। जल्द ही विकास के कार्य चरणबद्ध तरीके से शुरू किए जायेंगे। इससे पहले गुढ़ियारी की ओर नया प्लेटफार्म नंबर सात के साथ ही फुट ओवरब्रिज का निर्माण पूरा किया जा चुका है। प्लेटफार्म-सात के प्रवेश द्वार को बेहद खूबसूरत बनाया गया है ताकि गुढ़ियारी की तरफ से आने-जाने वाले यात्रियों को प्लेटफार्म एक की तरह सात पर भी सारी सुविधाएं दी जा सके। यात्रियों के लिए वेटिंग हाल, कैंटीन, एटीएम, प्याऊ की सुविधा देने का काम तेजी से स्टेशन में चल रहा है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। प्लेटफार्म सात के एक्सप्रेस-वे से जुड़ने से यात्री सीधे प्लेटफार्म के अंदर आ रहे है। मुंबई-हावड़ा के बीच स्थित रायपुर रेलवे स्टेशन से रोज करीब 112 ट्रेनें गुजरती हैं और करीब 50 हजार यात्री सफर करते हैं। स्टेशन में यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस कारण प्लेटफार्म और परिसर अब छोटा पड़ने लगा था। लिहाजा कोरोना काल के समय रेलवे प्रशासन ने 18 करोड़ की लागत से प्लेटफार्म-सात और उसके बाहर स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म क्रमांक एक जैसे द्वार का निर्माण अब जाकर पूरा करा लिया है। गुढ़ियारी की तरफ बनी बाउंड्रीवाल को तोड़कर आकर्षक लुक देते हुए टिकट काउंटर बनाया गया है, जहां से यात्री टिकट ले रहे है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि प्लेटफार्म सात के बनने से प्लेटफार्म क्रमांक एक पर यात्रियों की भीड़ पहले की तुलना में काफी कम हुई है। वहीं, गुढ़ियारी की तरफ से आने-जाने वाले यात्रियों को काफी राहत मिल रही है। गुढ़ियारी की तरफ रिजर्वेशन काउंटर, पार्किंग, पार्क, एस्केललेटर शुरू हो चुका है। स्टेशन परिसर में खानपान के आधा दर्जन से अधिक स्टाल भी खुल गए है। रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक के प्रवेश द्वार से लेकर सारी सुविधाएं यात्रियों को गुढ़ियारी की तरफ भी दी गई है। बड़ी संख्यां में यात्री ट्रेन पकड़ने के लिए एक्सप्रेस वे से सीधे स्टेशन पहुंच रहे है। वहीं गुढ़ियारी की तरफ से आने वाले यात्रियों को प्लेटफार्म-एक की तरफ आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। रायपुर रेल मंडल का कहना है कि प्लेटफार्म नंबर सात पर ट्रेनों की आवाजाही शुरू होने से यात्रियों को काफी सुविधा हो रही है। फुट ओवरब्रिज भी बनकर तैयार है,जल्द ही इसे भी शुरू कर दिया जायेगा।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

थाह नापने चल पड़ा अथाह सागर

थाह नापने चल पड़ा अथाह सागर का धुआं मुंह उठा चल पड़ा फूला पसरा गर्वित धुआं नाप पाया कोई कभी परम के विस्तार को पा चरणरज द्रवित हो बरस गया था वो धुआं।

ज्योत्सना सक्सेना

बैंकों के प्रबंधन गजब होते है

बैंकों के प्रबंधन गजब होते है, हिंदी पढ़े लोगो का काम अंग्रेजी में करते है,और अनपढों को हिंदी में लिख कर समझाते है, गजब है, साहब इन बैंकों की माया भी, एक बैंक में लिखा था, दस्तावेजों पर अंगूठा लगाके दीवाल पर न पोछे ?? अब आप ही सोचिए जब वह इतना पढ़ना जानता तो वह भला अंगूठा क्यो लगाता।

रमेश अग्रवाल

खास पाती

जानते भी हो क्यों बिंदिया

जानते भी हो क्यों बिंदिया लगाती हैं औरतें बहुत से कारणों में से एक सूरज से मुकाबला, है और काजल लगाने का राज़- बिंदिया से आँखों तक का सफ़र तय कर, थककर मानो रात के आग़ोश में डूब जाना, है। सुनो कभी उगते सूरज से ऊर्जा ले करो न तय सफ़र तुम भी और कर लो विश्राम रात को, थककर। **शुचि 'भवि'**

सुनो महक जाता है मेरा आंगन

सुनो महक जाता है मेरा आंगन जब आती है बारिश या आते हो तुम भिगो देती है मेरे रोम-रोम को अपनी छुअन से बारिश की बूँद या तुम्हारे एहसास की बौछार और मैं सरापा भीग जाती हूँ..जब बरसती है बारिश या आते हो तुम देखो न इन लहलहाते फूलों को जो निखर गए हैं बारिश की बूंदों के स्पर्श से जैसे मैं निखर जाती हूं तुम्हारे आलिंगन भर से सुनो सँवर ही जाते है मै या फिर ये प्रकृति जब आती है बारिश या आते हो तुम। **पूजा बंसल**

तेरे प्यार में ऐ दिलरुबा मैं ऐसे कगार

तेरे प्यार में ऐ दिलरुबा मैं ऐसे कगार पर आ गया, जिस दुकान का मालिक था उसी में पगार पर आ गया। सच में कहता हूँ सनम कसम से ऐसे अगार पर आ गया, छत रही नहीं सिर पर पंडाल डाले मैं दीवार पर आ गया। क्या क्या ख्वाब देखे गुलाब की पंखुड़ियों पर चलेंगे हम, तुम्हारे एक ही झटके से जानेबहार अंगार पर आ गया। मिली इश्क़ करने की सजा शरीफगुनाहगार पर आ गया, अच्छा खासा था अपने घर में अब कारागार पर आ गया। स्वादानुसार खाने का शौकीन तेरे लिए धुँगार पर आ गया, जीत से टूटा नाता ऐ मीत मेरी मैं हार कर हार पर आ गया। **बिद्दू पुरोहित**

फेसबुक ने सबकी लगाम कस

फेसबुक ने सबकी लगाम कस रखी है पोस्ट लोगों तक पहुंच ही नहीं रही नोटीफिकेशन नहीं मिल रहे लोगों को समझ रहे हैं न आप सब बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया और कितना कमाओगे जुक्कू भैया टमाटर तो पहले ही महंगे हो गए।

अनामिका चक्रवर्ती

कचुटन मन नारी, विपदा भारी

कचुटन मन नारी, विपदा भारी, होते ओछें भाव। सरका जो आँचल, होते घायल, दें मूछों पर ताव ॥ भूलें हैं ममता, बहना समता, कर जाते हैं वार। मानों तुम बहना, मेरा कहना, चलो चले उस पार ॥ **सुमन ओमानिया**

कोई गोलगप्पा कहता है कोई

कोई गोलगप्पा कहता है कोई गुपचुप कहता है कोई पानीपुरी कहता है तो कोई पुचका कहता है. कई नाम से पुकारा जाता है इसके स्वाद की आस को वो खाने वाला समझता है या वो ठेलेवाला समझता है। **तपन मुखर्जी**

खुशियों के सिलसिले न ग़म

खुशियों के सिलसिले न ग़म का हिसाब रख। हाथों में वक्त का लगाम पैरों तले रूआब रख। निभाना ही अगर पड़े तुझे दस्तूर जमाने का। निगाहों में सवाल हो ज़ुबान पर जवाब रख। इश्क़ होती सबसे बड़ी मालिक की अमानत। रूह का सबाब रख, ईमान की किताब रख। बेहतर तो यही होगा गुजारे के लिए ऐ दोस्त। खूबियाँ हजार रख, कुछ आदतें ख़राब रख। ख्वाहिशों का क्या जो बच्चों सी मचल जाए। हर रंग में कमल चाँद सितारों के चंद ख़्वाब रख।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो। **कमलकांत डोंगरे**

आज का इतिहास

1306: अलाउद्दीन खिलजी ने सिवाणा पर आक्रमण किया। 1757: प्लासी की लड़ाई में हार के बाद बंगाल के अंतिम नवाब सिराजुद्दौला की हत्या। 1985: आंद्रेई ग्रोमिको सोवियत संघ के राष्ट्रपति निर्वाचित। 1940: ब्रिटिश सरकार ने सुभाषचन्द्र बोस को विद्रोह भड़काने के आरोप में कोलकाता में गिरफ्तार कर लिया। 1940: हिटलर ने ब्रिटेन पर हमले का आदेश देते हुए 'ऑपरेशन सी लायन' की शुरुआत की। 1941: नाजी नरसंहार हुआ, लेम्बर्ग में करीब 7000 लोग मारे गए। 1949: वियतनाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली। 1962: सैम वाल्टन ने अरकंसास के रोजर्स में अपना पहला वॉलमार्ट स्टोर खोला। 1979: सुसान बी एंथनी डॉलर जारी किया गया, एक महिला का सम्मान करने के लिए पहला अमेरिकी सिक्का। 1993: अध्यादेश के जरिए ओएनजीसी को कॉरपोरेशन में बदला गया। 2002: हेपेटाइटिस सी की जांच को पूरे भारत में अनिवार्य किया गया।

QUIZ TIME

1) किस देश ने छोटे मार्गों पर घरेलू उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है जिन्हें ट्रेन द्वारा कवर किया जा सकता है?

2) किस देश ने महासागर नीति पर बुनियादी योजना को अपनाया?

3) विश्व प्रेस स्वतन्त्रता सूचकांक 2023 में भारत का रैंक क्या है?

4) इण्डिया पोस्ट ने लॉजिस्टिक सेवा के लिए किसके साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है?

5) किसे महिला मशाल वाहक या मणिपुर की माताएँ के रूप में भी जाना जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) फ्रांस (2) जापान (3) 161 (4) कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (5) मीरा पैबिस

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज दिन के आरंभिक भाग को छोड़ अन्य समय सेहत संबंधित मामलों में अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है।

वृष-आज प्रातःकाल में किसी अनिच्छित प्रसंग अथवा कार्य करने पर मन मे ग्लानि होगी फिर भी पारिवारिक दबाव के चलते करना ही पड़ेगा।

मिथुन- आज दिन के पूर्वार्ध भाग में सुख शांति यथावत बनी रहेगी लेकिन मध्यान से पहले कोई अशुभ समाचार मिलने से मानसिक बेचैनी बढ़ेगी।

कर्क- आज के दिन आपकी दिनचार्य व्यवस्थित रहेगी। व्यावसायिक एवं पारिवारिक कार्यो में बुद्धिमता का परिचय देंगे जिससे गलती होने की संभावना बहुत कम रहेगी।

सिंह- आज दिन के पहले भाग में किसी मनोकामना के पूरा ना होने पर क्रोध से भरे रहेंगे।

कन्या-आज दिन के आरम्भ में आपका स्वभाव उदासीन रहेगा। व्यवहार मे भी रूखापन रहने के कारण दाम्पत्य जीवन मे खटास आएगी।

तुला-आज के दिन आप स्वयं को नियंत्रित कर परिस्थिति अनुसार ढालने का प्रयास करेंगे लेकिन अन्य लोगों से स्वयं की तुलना करने पर मन हीन भावना से ग्रस्त होगा।

वृश्चिक- बीते दिनों की तुलना में आज का दिन राहत वाला रहेगा आज भी दिन के आरम्भ में पारिवारिक एवं व्यावसायिक चिंताये रहेंगी।

धनु-आज प्रातः काल जल्द ही अपने आवश्यक कार्य पूर्ण करने का प्रयास करे इसके बाद परिस्थिति प्रतिकूल होने लगेगी जो काम आसानी से बन रहे थे।

मकर-आज का दिन आपके लिये सार्वजनिक क्षेत्र और सामाजिक कार्यो के लिये शुभ रहेगा।

कुंभ-आज का दिन आपके लिये बीते कुछ दिनों की तुलना में सुधार वाला रहेगा।

मीन-आज दिन के पहले भाग में स्फूर्ति की कमी रहेगी। शरीर मे अकड़न सरदर्द की थोड़ी बहुत समस्या रहेगी लेकिन दिन चढ़ते इनमे सुधार आने लगेगा।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -112

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. रूचिकर लगने वाली, रुचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 111 का हल

ज	ल		आ	वा	जा	ही		
मा		खू	ब		दू	र	स्थ	
ना	दा	न		सा	ग		ल	क्ष्य
	न	ख		त	र	ल		
	वी	रा	न			च	ट	क
	र	व		आ	ज	क	ल	
			आ	ग		दा	ना	
	अ	ग	र	म	ग	र		क्रो
भा	भी		ती	न			व	ध

किसानों को नहीं होगी खाद की किल्लत

रायपुर/नवप्रदेश। मानसून आने के साथ ही झमाझम बारिश बारिश होने के बाद प्रदेश के किसान अब खेती किसानी में जुट गए हैं। छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन के दौरान धान की खेती सबसे अधिक होती है। इस दौरान में सबसे अधिक यूरिया व डीएपी की खाद की जरूरत पड़ती है। पिछले खरीफ सीजन में किसान खाद के लिए भटक रहे थे, लेकिन इस बार एक अच्छी खबर यह है कि इसके लिए भटकना नहीं पड़ेगा। क्योंकि राज्य शासन ने खाद भंडारण का कोटा पूरा कर लिया है। खरीफ सीजन 2023 के लिए कुल 12 लाख 21 लाख 917 मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरक का भण्डारण के साथ ही निर्धारित लक्ष्य पूरा हो गया है। राज्य में चालू खरीफ सीजन में 12 लाख 19 हजार मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरक वितरण का लक्ष्य है। किसानों को अब तक 6.57 लाख मेट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का लगभग 54 प्रतिशत है।

डिमांड के अनुसार मिल रहा खाद

चालू सीजन के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध यूरिया का 84 प्रतिशत, डीएपी का 133 प्रतिशत, एनपीके का 169 प्रतिशत, पोटाश का 115 प्रतिशत तथा सुपर फॉस्फेट का 86 प्रतिशत भण्डारण हुआ है। किसानों को उनकी डिमांड के अनुसार रासायनिक उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। किसानों ने अब तक कुल 6 लाख 56 हजार 876 मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरक का उठाव किया है।

जिसमें यूरिया की मात्रा 3 लाख 11 हजार 138 मेट्रिक टन, डीएपी की 01 लाख 89 हजार 993, एनपीके की 44 हजार 805 मेट्रिक टन, पोटाश की 24 हजार 518 तथा सुपर फॉस्फेट की मात्रा 86 हजार 421 मेट्रिक टन है। सहकारी क्षेत्र एवं निजी क्षेत्रों में अभी भी 5 लाख 65 हजार 41 मेट्रिक टन उर्वरक किसानों के वितरण हेतु उपलब्ध है।

12.19 लाख एमटी खाद वितरण का लक्ष्य

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफसीजन 2023 के लिए 12 लाख 19 हजार मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरक के वितरण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसमें यूरिया 6 लाख 32 हजार मेट्रिक टन, डीएपी 2 लाख 40 हजार मेट्रिक टन, एनपीके 72 हजार, पोटाश 45 हजार, सुपर फॉस्फेट 2 लाख 30 हजार मेट्रिक टन शामिल हैं। इस लक्ष्य के विरूद्ध विभिन्न रासायनिक उर्वरकों का बचत स्कंध 5 लाख 84 हजार 363 तथा नवीन आवक 6 लाख 37 हजार 554 मेट्रिक टन को मिलाकर कुल 12 लाख 21 हजार 917 मेट्रिक टन का भण्डारण, मार्कफेड के डबल लाक, सहकारी समिति एवं निजी संस्थानों में कराया गया है, जिसके चलते राज्य में 5 लाख 31 हजार 502 मेट्रिक टन यूरिया, 3 लाख 19 हजार 488 मेट्रिक टन डीएपी, 1 लाख 21 हजार 629 मेट्रिक टन एनपीके, 51 हजार 924 मेट्रिक टन पोटाश तथा 1 लाख 97 हजार 373 मेट्रिक टन सुपर फॉस्फेट का भण्डारण सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में हुआ है।

खाद-बीज की गुणवत्ता जांच अभियान जारी

सीएम भूपेश बघेल ने खरीफ सीजन के मद्देनजर किसानों को उनकी डिमांड के अनुरूप मानक स्तर के खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि खरीफसीजन की शुरूआत हो चुकी है। किसानों को बेहतर क्वालिटी का खाद और बीज समय मिले, यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी तरह की कमी अथवा लापरवाही नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में राज्य के किसानों को मानक स्तर का खाद-बीज और पौध संरक्षण औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग द्वारा विक्रेता संस्थानों की जांच पड़ताल और सेम्पल लिए जाने का अभियान तेजी से शुरू कर दिया गया है। कृषि विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने इलाकों में बीज, खाद और कीटनाशक औषधियों के सेम्पल ले रहे हैं, जिसकी जांच गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में की जा रही है।

25.29 लाख से अधिक परिवारों को मिला घरेलू नल कनेक्शन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के ग्रामीण अंचलों में निःशुल्क घरेलू नल कनेक्शन देने का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 50 लाख 10 हजार 563 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिया जाना है।

जिसके तहत वर्तमान में 25 लाख 29 हजार 416 घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसके साथ-साथ राज्य के 43 हजार 978 स्कूलों, 41 हजार 725 आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा 17 हजार 290 ग्राम पंचायत भवनों और सामुदायिक उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में टेप नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। जिसमें छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिला सर्वाधिक 2 लाख 25 हजार 482 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देने में अग्रणी है। इसी तरह राजनांदगांव जिला 1 लाख 76 हजार 104 तथा रायगढ़ जिला 1 लाख 48 हजार 994 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देने में क्रमशः दुसरे और तीसरे स्थान पर है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य में प्रति व्यक्ति, प्रतिदिन 55 लीटर के मान से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, इसके लिए सभी जिलों में कार्ययोजना तैयार कर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इस मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन के अतिरिक्त स्कूल, उप-स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी रनिंग वाटर की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही साथ जमीनी स्तर पर राज्य में सिंगल विलेज स्कीम और मल्टी विलेज स्कीम सहित अन्य पेयजल योजनाओं सहित जल जीवन मिशन के कार्यों का क्रियान्वयन सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डॉ. एस. भारतीदासन और मिशन संचालक आलोक कटियार द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने चलेगा अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव 2023 के पूर्व प्रदेश में निर्वाचक नामावलीयों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्यवाही चल रही है । इस दौरान बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची के निर्माण के लिए घर-घर सर्वे में नए अपंजीकृत नागरिकों, मृत तथा स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान की जा रही है। सर्वे में पाए जाने वाले 18 वर्ष के अपंजीकृत नागरिकों का फॉर्म 6 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने आवेदन भी भरे जाएंगे। इस दौरान मृत या स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं के लिए फॉर्म 7 के माध्यम से नाम विलोपन एवं मतदाता के विवरण में किसी प्रकार के संशोधन अथवा स्थानांतरण हेतु फॉर्म 8 भरा जाएगा। इस बार पुनरीक्षण में अहर्ता तिथि 1 अक्टूबर 2023 निर्धारित है अर्थात इस तिथि को या इससे पूर्व 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा सकेंगे।

4 अक्टूबर को होगा अंतिम प्रकाशन : मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट में 2 अगस्त 2023 को एवं अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा। 2 से 31 अगस्त तक 30 दिवस की पुनरीक्षण अवधी में सघन अभियान के तहत प्रदेश के सभी बूथों में फार्म प्राप्त करने व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाएंगे। 12 एवं 13 अगस्त तथा 19 एवं 20 अगस्त को विशेष शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। पुनरीक्षण में प्राप्त फार्म का निराकरण सम्बंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा 22 सितम्बर 2023 तक किया जाएगा। जिसके उपरान्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अक्टूबर को किया जाएगा।

रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म सात शुरू फुट ओवरब्रिज की सुविधा भी जल्द

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर रेलवे स्टेशन में फुट ओवरब्रिज और सात नंबर प्लेटफार्म का निर्माण पूरा हो चुका है। फुट ओवरब्रिज चालू होने में अभी समय है लेकिन सात नंबर प्लेटफार्म को बिना उद्घाटन के शुरू कर दिया गया है। इस पर ट्रेनों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। अब तक यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर दो और तीन से होकर जाना पड़ रहा था लेकिन अब वे सीधे सात नंबर पर आवाजाही कर रहे है।

वर्तमान में दुर्ग और बिलासपुर छोर पर फुट ओवरब्रिज है, इसलिए ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही थी, इसे ध्यान में रखकर फुट ओवरब्रिज बनाया गया है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि नए प्लेटफार्म नंबर सात शुरू होने से यात्रियों को आने-जाने में सहूलियत मिल रही है। इसके साथ ही यहां पर प्लेटफार्म नंबर एक की तरह ही यात्री सुविधा बढ़ाने का काम तेज गति से चल रहा है। दरअसल, रायपुर स्टेशन को खूबसूरत बनाने के लिए रेलवे प्रशासन लगातार विकास कार्य करा रहा है। स्टेशन का रि-डिवलपमेंट होना अभी बाकी है। स्टेशन के पुराने स्ट्रक्चर को तोड़कर नए माडल के रूप में इसे भव्य और आकर्षक बनाने की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

राज्य प्रशासनिक सेवा के 4 अफसरों का ट्रांसफर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस वक्त तबादलों का दौर चल रहा है। कई जगहों पर प्रशासनिक सर्जरी चल रही है। इसी कड़ी में राज्य प्रशासनिक सेवा के 4 अफसरों का ट्रांसफर ऑर्डर जारी किया गया है। 2014 बैच के उमाशंकर अग्रवाल को उपायुक्त, कार्यालय भू-अभिलेख रायपुर से उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। साल 2013 बैच के आशीष टिकरिहा को भी अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सूडा से उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह रश्मि वर्मा को डिप्टी कलेक्टर, बालोद जिले से हटाकर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है और अरविंद शर्मा को महाप्रबंधक, भू-राजस्व स्मार्ट सिटी लिमिटेड, रायपुर से हटाकर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। सभी 4 अधिकारियों की पोस्टिंग मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर में की गई है।

सीएम के बयान पर अमित जोगी का पलटवार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चुनाव जैसे-जैसे करीब आता जा रहा है, वैसे-वैसे सियासत गरमाती जा रही है। जमकर आरोप-प्रत्यारोप लग रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के डिप्टी सीएम बनाए जाने के बाद से ही प्रदेश की राजनीति गरमाई हुई है। पूर्व सीएम रमन सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को सीएम भूपेश बघेल पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने टीएस सिंहदेव को झुनझुना पकड़ाया है। रमन सिंह और बीजेपी के आरोपों पर सीएम भूपेश ने पलटवार किया है। सीएम भूपेश बघेल छत्तीसढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी का जिक्र करते हुए रमन सिंह पर जमकर बरसे।

भूपेश बघेल ने पुलिस ग्राउड स्थित हेलीपेड में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि डॉ. रमन सिंह अजीत जोगी के भरोसे तीन बार सीएम बने थे। उन्होंने कहा कि 'सबसे ज्यादा तकलीफ रमन सिंह को है क्योंकि वो तीन बार सीएम अजीत जोगी के भरोसे बने थे। उम्मीद कर रहे थे कि फिर कुछ हो जाएगा। कांग्रेस पहले से एकजुट है। एक बार हो गया... हो गया... लेकिन बार-बार नहीं होता, दिल्ली के भाग्य से फीता बार-बार नहीं टूटता।' अब इस पर दिवंगत नेता स्व अजीत जोगी के बेटे और छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के नेता अमित जोगी ने जवाब दिया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा कि स्व. जोगी जी के भरोसे नहीं बने डॉ रमन सिंह 3 बार मुख्यमंत्री बल्कि जोगी जी को छत्तीसगढ़ कांग्रेस की कमान नहीं मिली इसलिए भाजपा तीन बार चुनाव जीती। जोगी जी को 2004 में कांग्रेस की कमान मिलती तो 3 क्या, 30 साल तक भाजपा का मुख्यमंत्री नहीं बनता। और आपको याद रखना चाहिये कि 2018 में भी जनता ने आपको वोट नहीं दिया बल्कि भाजपा के विरुद्ध वोट किया था। नकली शराब बेचकर, कोयला बेचकर आपने सपरिवार जो काली कमाई की है, उसका नतीजा तो इस चुनाव में आएगा ही, फिर बात करेंगे।

आपकी बेबी अंदर है और बाबा सर पर बैठा है, हताशा साफ दिख रही है। वैसे 3 महीने में चुनाव हैं, देख रहा हूं, आजकल आप जोगी जी को बड़ा मिस कर रहे हैं, जोगी-जाप शुरू कर दिया है आपने, क्या बात है?

राजनाथ सिंह अपने झूठ के लिए माफी मांगें : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि गंगा मैय्या के क्षेत्र से आने वाले राजनाथ सिंह ने रमन सिंह के बहकावे में आकर कांग्रेस के घोषणा पत्र को गंगाजल की सौंगध से जोड़कर गंगा मैय्या का अपमान किया है।

राजनाथ सिंह अपने झूठ के लिये माफी मांगे। राजनैतिक स्वार्थ के लिये भाजपा के नेता हिन्दू धर्म की मान्यताओं का मखौल उड़ा रहे है यह इनके ढोंगी चरित्र का परिचायक है। कांग्रेस ने अपने पूरे जनघोषणा पत्र के लिये गंगाजल की शपथ नहीं लिया था। कांग्रेस ने सिर्फ किसानों की कर्ज माफी के लिए गंगा जल को हाथ में लेकर प्रेस के सामने प्रतिज्ञा किया था। इसकी भी जरूरत इसलिए पड़ी थी क्योंकि कांग्रेस के कर्ज माफी के वायदे पर भाजपा ने झूठा भ्रम फैलाया था। कांग्रेस नेताओं ने कहा था राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के दस दिनों के अंदर किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा। राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मात्र तीन घण्टे के अंदर किसानों का कर्ज माफ कर दिया था। कांग्रेस के घोषणा पत्र के सभी वायदों को गंगा जल की शपथ से जोड़ कर राजनाथ सिंह और भाजपा गंगाजल का न सिर्फ अपमान कर रहे गंगा जल की महत्ता का मखौल भी उड़ा रहे है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में किसानों का धान 2500 में खरीदने का वायदा किया था जिसे छत्तीसगढ़ के किसानों ने शाश्वत सत्य माना था। कांग्रेस और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी किसानों से किये वायदे को पूरी निष्ठा से निभाया है। सन 2018 में किसानों के धान की खरीदी 2500 में की गई।

आज बिलासपुर से चुनावी शंखनाद करेंगे सीएम अरविंद केजरीवाल

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में अब आम आदमी पार्टी भी कूद गई है। दिल्ली फिर पंजाब में सरकार बनाने के बाद पार्टी देश के कई राज्यों में विधानसभा चुनाव में सक्रिय नजर आ रही है। राजधानी रायपुर में अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान चुनावी शंखनाद कर चुके हैं। रायपुर के बाद बिलासपुर प्रदेश का दूसरा बड़ा संभाग है। यहां 24 विधानसभा सीटें हैं। यही वजह है कि आप ने महारैली के लिए इस बार बिलासपुर को चुना है। आज 2 जुलाई को आयोजित रैली में पार्टी के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान शामिल होंगे और इसके बाद साइंस कॉलेज मैदान में सभा होगी। पार्टी के दोनों दिग्गज महारैली के साथ साइंस कॉलेज मैदान में सभा को संबोधित करेंगे।

इसमें पार्टी के पदाधिकारी एक लाख लोगों की भीड़ जुटाने का दावा कर रहे हैं। आप नेताओं ने बताया कि सीएम अरविंद केजरीवाल दोपहर डेढ़ बजे महारैली को संबोधित करेंगे। पार्टी ने अपने संयोजक की दौरे को लेकर लगभग सभी तैयारियां कर ली है। इस महारैली के लिए पार्टी पिछले एक महीने से तैयारी में जुटी थी। बता दें कि आम आदमी पार्टी ने इस बार प्रदेश के सभी 90 विधानसभा में चुनाव लड़ने का ऐलान पहले ही कर चुकी है।

अकाउंट ऑफिसर की परीक्षा आज

रायपुर/नवप्रदेश। संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित इनफोर्समेंट ऑफिसर, अकाउंटेंट ऑफिसर और असिसटेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर इन (ईपीएफओ) की परीक्षा 2 जुलाई को दो पलियों में आयोजित की आएगी। प्रथम पाली सुबह 9: 30 बजे से 11: 30 तक एवं द्वितीय पाली दोपहर दो बजे से शाम 4 बजे तक 24 परीक्षा केन्द्रों में संचालित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए रायपुर डिप्टी कलेक्टर रूचि शर्मा को सहायक को-आर्डिनेटिंग सुपरवाइजर नियुक्त किया गया है।

पीएटी व पीव्हीपीटी भर्ती परीक्षा आज

रायपुर/नवप्रदेश। छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित पी.ए.टी एवं पी.व्ही.पी.टी. भर्ती परीक्षा 2 जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक 09 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए परीक्षा प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर रूचि शर्मा को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक कौशल विकास विभाग केदार पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

एनएमडीसी का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

हैदराबाद/रायपुर। सरकारी खनन कंपनी एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2024 के तीसरे महीने में 3.48 मिलियन टन लौह अयस्क का उत्पादन किया और 4.1 मिलियन टन लौह अयस्क की बिक्री की। यह कंपनी के इतिहास में जून महीने तथा पहली तिमाही में अबतक का सर्वोच्च प्रदर्शन है । देश के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक ने माह ङ्क दर- माह उत्पादन में 35त्न की वृद्धि दर्ज करते हुए, अपनी स्थापना के बाद से अबतक अप्रैल, मई और जून का अपना सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन किया है । बिक्री में माह ङ्क दर- माह 115त्न की वृद्धि दर्ज करते हुए, एनएमडीसी ने स्थापना के बाद से किसी भी जून माह में अपनी सबसे अधिक मासिक बिक्री की है । वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में एनएमडीसी के संचयी उत्पादन और बिक्री में क्रमशः 20% और 45% की वृद्धि देखी गई। कंपनी ने वित्त वर्ष की पहली तिमाही में लौह अयस्क का 10.70 मिलियन टन का उत्पादन किया और 11.15 मिलियन टन बिक्री की । एनएमडीसी के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन पर टिप्पणी करते हुए अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा, देश की अर्थव्यवस्था में लौह अयस्क बढती मांग को पूरा करने में एनएमडीसी का योगदान लगातार बढ रहा है। स्थापना के बाद से पहली तिमाही और जून में अबतक का सबसे अधिक उत्पादन और बिक्री खान योजना, विस्तार और अत्यधिक कुशल मानव संपत्ति में हमारे गतिशील और कर्मठ निवेश से मेल खाता है।

वित्तीय अनियमितता के आरोप में प्रभारी रेंजर सस्पेंड

रायपुर/नवप्रदेश। वित्तीय अनियमितता के आरोप में प्रभारी रेंजर को निलंबित किया गया है। महादेव कन्नौजे प्रभारी रेंजर धमतरी के पद पर थे।

उन्होंने कैनरा बैंक धमतरी में परिक्षेत्र अधिकारी धमतरी के पदनाम से अनाधिकृत खाता खोलकर एक करोड़ सात लाख 44 हजार 145 रुपये बैंक से निकाल लिया। इसके अतिरिक्त वनमण्डलाधिकारी की बिना अनुमति छह लाख 81 हजार 874 रुपये नगद आहरण कर लिया। फिर आकस्मिक श्रमिक दीपक टण्डन को अधिकृत कर चार लाख 74 हजार 642 रुपए का अनाधिकृत आहरण कर लिया। जिसके चलते धमतरी के प्रभारी रेंजर महादेव कन्नौजे को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय वन संरक्षक कार्य आयोजना रायपुर निर्धारित किया गया है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही
जिला - गौरेला-पेण्ड्रा - मरवाही (छ.ग)
Email id - aephegaurella@gmail.com

ई-प्रोक्योरमेट निविदा आमंत्रण सूचना

जिला जल एवं स्वच्छता गौरेला-पेण्ड्रा - मरवाही की ओर कार्यपालन अभियंता सदस्य सचिव, जिला जल जी-02844/5एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र 'अ' (प्रतिशत दर) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरण - जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के विकास खण्ड गौरेला और पेण्ड्रा के निम्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत एकल ग्राम जल प्रदाय योजना कार्य ।

क्र.	निविदा सूचना क्र. / दिनांक	सिस्टम क्रमांक	ग्राम का नाम	विकास खण्ड	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	46/28.06.2023	139904	भाड़ी	पेण्ड्रा	161.45
2	47/28.06.2023	139908	भदौरा	गौरेला	60.15
3	48/28.06.2023	139912	कोडगार	पेण्ड्रा	18.44

बिड सबमिशन की अंतिम तिथिः- निविदा क्रमांक 46, 47, 48 दिनांक 18.07.2023 समय :- 17.30 बजे तक।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्ते धरोहरे राशि विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेट वेब पोर्टल https; \\eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 30.06.2023 से देखे जा सकते है।

जी-02844/5

कार्यपालन अभियंता
लो.स्वा.यां. खण्ड गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही
जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही

शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए विधयक के.के. ध्रुव

■ जनप्रतिनिधियों ने कक्षा 9 वीं की छात्राओं को प्रदाय किए नि:शुल्क सायकल

गौरेला/नवप्रदेश। विधायक डॉ के के ध्रुव के मुख्य आथित्य में स्वामी आत्मानंद शासकीय बहु. उच्चतर माध्यमिक शाला पेंड्रा में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही पेण्ड्रा विकासखंड के सभी शालाओं शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर राज्य युवा आयोग के सदस्य उत्तम वासुदेव, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जालान, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मरावी, डीईओ आर एन चंद्रा, विद्यालय के प्राचार्य एल.पी. डाहिरे ने कक्षा 9 वीं की छात्राओं को नि:शुल्क सायकल प्रदाय किए। शाला प्रवेश उत्सव के समय सभी नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के कक्षा 9 वीं की छात्राओं श्रद्धा कोरी, टिंकल कोरी, आसमा मेश्राम, निरंजना कंवर, सामेश्राम एवं अन्य सभी पात्र छात्राओं को सायकल वितरण किया गया तथा कक्षा 9 वीं के छात्र, छात्राओं सुनैना चक्रधारी, तुलसी यादव, अनुज यादव, रौनक पाण्डेय, अनुराग यादव एवं कक्षा 6वीं के ऋषभ केवट, छवि केवट, आकृति केवट, अनुज यादव को नि:शुल्क पुस्तक का वितरण किया गया।

नपा अध्यक्ष ने छात्रों को मिठाई खिलाकर कराया शाला प्रवेश

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर पालिका स्कूल में नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी के मुख्य आतिथ्य एवं वार्ड पार्षद रोहित शुक्ला तथा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष मनुराज सोनी की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए छात्रों को अनुशासन अध्ययन हेतु प्रेरित किया।पार्षद रोहित शुक्ला ने अध्ययन के महत्व को रेखांकित करते हुए अध्ययन हेतु जागरूक रहने के लिए कहा। शाला के प्राचार्य विजय सोनी ने छात्रों एवं नवप्रवेशी छात्रों को संबोधन करते हुए नये सत्र में मन लगाकर अध्ययन करने की बात कही। अतिथियों ने शाला के टॉपर कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान 88 प्रतिशत अंक लाने वाले चंद्रप्रकाश जोशी एवं कक्षा 10वीं में 82 प्रतिशत लाने वाले मो. अरशद को मोमेंटो एवं पुष्पमाला से सम्मानित किया गया। नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन किशनलाल देवांगन ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती लता ठाकुर, बलदेव ध्रुव,मनोज राठौर,प्रीति सिंह परिहार, पीएस, चांदनी केशरवानी,इंद्राणी यादव, नूतन पाण्डेय एवं गणेश सोनकर उपस्थित रहे।कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन राधेश्याम राय ने किया।

सीएमएचओ ऑफिस के बाहर एवं अंदर दरारें

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के स्वास्थ्य विभाग का प्रमुख कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भवन कुछ ही वर्ष में गुणवत्ता का पोल खोल दिया। बनाये गये भवन में जगह-जगह दरारें आ गई है। साथ ही छत से कमरे में सीपेज भी आ रहा है। भवन में लगाये गये टाईल्स उखड़ने लगे है। पिछले वर्ष दीवालों में आये दरार एवं सिपेज का मरम्मत कराया गया था किन्तु इस वर्ष दरार और बढ़ गया है। कर्मचारी भयभीत होकर कार्य कर रहे है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भवन का चार वर्ष पूर्व सीजीएमएससी द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण किया गया था। सही देख-रेख के अभाव में भवन निर्माण गुणवत्ताहीन रहा। जिसके चलते पहली बारिश में ही भवन में दरार एवं सिपेज आ गया। सिपेज के चलते फाल सीलिंग नीचे जमीन पर गिर गई थी। दीवालों की दरार एवं फाल सीलिंग की मरम्मत की गई। किन्तु इस वर्ष तीन दिनों तक लगातार हुई बारिश के बाद पुनरू भवन में सीपेज आना शुरू हो गया हैं। दीवाल की दरारें बढ़ गई है। कमरे की स्थिति देखकर कर्मचारियों में दहशत बना रहता है। कर्मचारी उक्त कमरे में जान जोखिम में डालकर काम करते रहते है। सीजीएमएससी द्वारा इसी प्रकार जिला अस्पताल परिसर में बनाये गये स्टाफक्वार्टर में भी कई कमरों में पानी टपकने की भी शिकायत आते रहती हैं। छत से पानी टपकने की शिकायत की गयी थी, पर मरम्मत के बाद भी वह समस्या जस की तस बनी हुई हैं। स्टाफक्वार्टर में आलमारी दीवाल खिड़की दरवाजों पर लगाये गये पत्थर अलग हो गए है। आवास में रहने वाले कर्मचारियों ने गुणवत्ताहीन बनाये गये मकान की मरम्मत कराये जाने की मांग की जाती रही है। मरम्मत नही होने से कर्मचारियों में भय बना रहता है।

> पूर्व में दरार एवं सिपेज की मरम्मत की थी। इस वर्ष भी भवन की स्थिति को देखते हुए सीजीएमएससी को अवगत कराते हुए मरम्मत के लिये कहा जायेगा।
> **-डॉ. देवेन्द्र पैकरा**
> मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मुंगेली

बच्चों के जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाने एसडीएम ने ली बैठक, शिविर लगाएं

गौरेला/नवप्रदेश। स्कूली बच्चों का जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मरवाही प्रिया गोयल ने सद्भावना भवन मरवाही में विकासखंड के समस्त हाई और हायर सेकेंडरी तथा माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुखों की बैठक ली। उन्होंने सभी संस्था प्रमुखों को शत-प्रतिशत पात्र छात्र छात्राओं के प्रमाण पत्र योजनाबद्ध रूप से मिशन मोड में बनवाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में केंद्रीय छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रत्येक छात्र का आधार नंबर से लिंक बैंक खाता क्रमांक भी उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में बताया गया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में 5 जुलाई 2023 से विकासखंड मरवाही के विभिन्न स्कूलों में जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी द्वारा यह अपील की गई है कि सभी पालक अपने बच्चों के प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज शिविर स्थल पर उपलब्ध कराए, जिससे अधिक से अधिक बच्चों को शिविर के माध्यम से लाभान्वित किया जा सके।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी निलंबित

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने ग्राम मोहतरा तेली गोठान में गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर खरीदी कार्य में अनियमियता पाये जाने पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सरोज कुमार डाहिरे को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 एवं 10 के तहत निलंबित किया है। निलंबन की अवधि में सरोज कुमार को कार्यालय वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी विकासखण्ड पथरिया में नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह की भत्ता की पात्रता होगी। उल्लेखनीय है कलेक्टर द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना का प्रत्येक समय सीमा की बैठक में समीक्षा किया जाता है। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मोदी सरकाए के 9 साल बेमिसाल : विष्णु

■ मेरा बूथ सबसे मजबूत जनसम्पर्क अभियान

गौरेला/नवप्रदेश। भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 साल पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश व्यापी सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम को लेकर संगठन के महा जनसंपर्क अभियान अंतर्गत कोटा विधानसभा क्षेत्र के गौरेला मंडल के ललाती शक्ति केंद्र के बूथ क्र. 41 व 42 धनगवां में जीपीएम जिले के प्रथम जिला भाजपा अध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विष्णु अग्रवाल ने बूथ में निवासरत पार्टी के पदाधिकारियो वरिष्ठजनों एवं जनप्रतिनिधियों से भेंट कर मेरा बूथ सबसे मजबूत पर विस्तृत चर्चा की तथा स्थानीय हितग्राहियों को केन्द्र सरकार की योजनाओ की जानकारी देते हुए जनसम्पर्क भी किया। मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान की शुरुआत करते हुए भाजपा नेताओं ने समाज के सभी वरिष्ठजनों एवं ग्रामीणों से भेंट कर मोदी सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार की नाकामियों को बताया गया। इस अवसर पर जनसम्पर्क के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विष्णु अग्रवाल, वरिष्ठ नागरिक महावीर सिंह जी तंवर उर्फ दरोगा दादा, पूर्व सरपंच केवलसिंह उइके, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सांसद प्रतिनधि पुष्पेंद्र त्रिपाठी, पार्षद प्रदीप जायसवाल, बेचन मिश्रा, नारायण मेश्राम, केशव पाठक, प्यारेलाल पूरी, मनहरण मेश्राम, मुकुंद सिंह उईके, सुरजन ओट्टी, संजय पाठक, गीता राठौर, पुष्पराज तंवर, नारायण ओट्टी, आनंद मेश्राम सहित बड़ी संख्या में बूथ के कार्यकर्ता व पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे हैं।

सड़क निर्माण कार्य में धीमी प्रगति कलेक्टर ने लगाई फटकार

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने सड़क निर्माण कार्य में धीमी प्रगति और कई सड़को के कार्यादेश जारी होने के बाद भी कार्य शुरू नहीं होने पर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही लोक निर्माण विभाग के तीन सब इंजीनियरों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में लोक निर्माण विभाग और प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में सड़क निर्माण और नवीनीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ऐसे सड़क जिनका निर्माण हेतु निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुका है, उसका कायादेश जारी कर कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो गया है। कई सड़को के जर्जर होने और गड्ढों में पानी भरने के कारण दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए अधिकारी गंभीरतापूर्वक कार्य करें। नवीन सड़क निर्माण व पुराने सड़कों के नवीनीकरण के लिए स्वीकृति प्राप्त सड़कों का कार्य शीघ्र शुरू कराएं। आमजनों को आवागमन में परेशानी नहीं होना चाहिए।

भाजपा का मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का आगाज

पत्थलगांव/नवप्रदेश। पत्थलगांव भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के विस्तारक दिनेश साहु ग्रामीण मंडल अध्यक्ष चमरसाय महामंत्री प्रकाश चौहान ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व एवं में तिलडेगा एवं किलकिला ग्राम पंचायतों का सघन दौरा किया गया मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत तिलडेगा किलकिला सहित कई ग्राम पंचायतों में आम जनता के घरों में जाकर केंद्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री आवास हर घर शौचालय सभी को वैक्सीनेशन उज्जवला योजना के तहत सभी गरीबों ,बीपीएल कार्ड धारियों को गैस चुल्हा वितरण की जानकारी देकर भाजपा के लिए समर्थन मांगा। केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी के विजन को ग्रामीण जनता के बीच रखते हुए बताया केंद्र की मोदी सरकार देश के विकास के लिए सतत प्रयासरत है।

मोदी जी के 9 साल में किए जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाते हुए उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी विस्तार से देते हुए पत्थलगांव ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों ने केंद्र के 9 साल की उपलब्धियों को बताते हुए देश रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय देश के सभी राज्यों में नेशनल हाईवे, ग्रीन कॉरिडोर भारत माला सड़क योजना के तहत देश के सभी राज्यों को सड़क मार्ग से जोड़ा जा रहा है।

संविदा कर्मचारियों की हड़ताल कल से

■ संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम को हड़ताल में शामिल होने सौंपा ज्ञापन

मुंगेली/नवप्रदेश। सर्वविभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ नियमितिकरण की मांग को लेकर 3 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे है। संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर हड़ताल में शामिल होने की बात कही है।

संविदा कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार बनने से पूर्व 2018 के जनघोषणा पत्र में कांग्रेस पार्टी ने संविदा कर्मचारियों से नियमितिकरण का वादा किया था। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के साढ़े चार साल बाद नियमितिकरण तो दूर नियमित रूप से जो वेतन बढ़ाना था वह भी नहीं बढ़ाया गया। संविदा कर्मचारियों का कहना है कि उनकी स्थिति दुब्बर ला दू आषाढ़ जैसी हो गई है। चूंकि जो नियमित रूप से वेतन बढ़ता था वह भी नहीं बढ़ा और कर्मचारियों की बिना भर्ती किए नई-नई योजनाओं का संचालन कर काम का बोझ जरूर बढ़ गया है। प्रदेश में संविदा कर्मचारी कोल्हू के बैल की तरह पीसे जा रहे हैं। इन सब का परिणाम हुआ कि 3 जुलाई से प्रदेश के 54 विभागों में कार्यरत 45000 हजार संविदा कर्मचारियों ने सरकार को अपनी नियमितिकरण के वादे अनुपूरक बजट में शामिल कर पूरा करने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं।

विगत माह संविदा नियमितीकरण रथयात्रा के माध्यम से जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दे चुके है किंतु सरकार की तरफ से संवादहीनता निरंतर जारी है। प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सिन्हा और अशोक कुर्रे ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बार एनएचएम और मनरेगा के अलावा कृषि विभाग, शिक्षा विभाग के संविदा कर्मी लामबंद हुए है। इसलिए यह सरकार को जल्द से जल्द सकारात्मक पहल की जरूरत है।

गले मिलकर दी बकरीद की मुबारकबाद

मुंगेली/नवप्रदेश। ईदुज्जहा बकरीद का त्योहार मुस्लिम भाइयों ने उत्साह पूर्वक ढ़ंग से मनाया। सब ने उस पाक परवर दीगार के बारगाह में तीनों मस्जिद गोल बाजार, पुराना बस स्टैण्ड और दाउपारा में जाकर नमाज अदा की। गले मिलकर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और प्रसन्नता जाहिर किया। कई घरो में बकरीद की कुर्बानी दी गई। उस परवर दिगार पर लाखो सलाम और नातीया पाक पढ़े गये। अपने गुनाहों और खताओं की माफी मांगी गई। आफिज सहाब ने अपनी तकरीर में मुल्क हिन्दुस्तान की हिफाजती की दुआ की जिसे आमीन कहकर सभी मुस्लिम भाईयों ने समर्थन किया। ईदुल अजहा बकरीद के मौके पर मुस्लिम सामाज के सम्मानित व्यक्ति हाजि शेख मजीद एवं मुस्लिम समाज के रहें अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद शेख वाहिद के द्वारा वृक्षा रोपण कर शहर को हरा भरा रखने योगदान दिया।

बूथ चलो अभियान के तहत धनेन्द्र साहू ने कार्यकर्ताओं से की चर्चा

मुंगेली/नवप्रदेश। बूथ चलो अभियान के तहत विधानसभा बूथ प्रभारी धनेन्द्र साहू एवं शहर बूथ प्रभारी संसदीय सचिव गुरुदयाल बंजारा शहर प्रवास पर पहुंचे। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा ने प्रभारियों के साथ बूथ प्रभारियों की बैठक लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया। बूथ के कार्यकर्ताओं एवं सदस्यों से धनेंद्र साहू एवं गुरुदयाल बंजारा ने चर्चा किया। विधानसभा चुनावों में मुंगेली विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी को जीतने के लिए जरूरी टीप दिये। उन्होंने कहा कि बूथ चलो अभियान के तहत आज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानो की हितैषी है। इस बार किसानों के लिए 20 क्विंटल धान 2800 रूपए में खरीदी करेगी। उन्होंने कहा कि हर बूथ में वाल पेंटिंग, झंडा बैठो की प्राथमिकता सहित टोली बनाकर प्रचार, लोगो से मुलाकात सहित ऐसे कई कार्यक्रम है जो बूथ प्रभारियों एवं सदस्यों करना है। उन्होंने युवाओं को बूथ में जोड़ने कि प्राथमिकता पर जोर दिया। इस अवसर पर राकेश पात्रे, हेमेंद्र गोस्वामी, सतीश अग्रवाल, चंद्रभान बारमते, चुरावन मंगेशकर, रत्नावली कौशल, रूपलाल कोसरे, स्वतंत्र मिश्रा, दिलीप बंजारा, संजीत बनर्जी, दुर्गा बघेल, सोम वर्मा, संजय यादव, अभिलाष सिंह, रोहित शुक्ला, एजाज खोखर, अरविंद वैष्णव, दीपक गुप्ता, विनय चोपड़ा, श्रीनिवास, संजय सिंह, संजय चंदेल आदि उपस्थित थे।

वैकल्पिक मार्ग बनने तक नहीं किया जाएगा मिट्टी पटाई का कार्य

■ धनगवां से नेवरी नवापारा नवीन रेल लाइन निर्माण का मामला

■ कलेक्टर ने संज्ञान में लेकर ली बैठक और कराया स्थल निरीक्षण

गौरेला/नवप्रदेश। ग्राम धनगवां से ग्राम नेवरी नवापारा जाने वाले मार्ग पर नवीन रेल लाइन बिछाने के लिए मिट्टी कार्य प्रगति पर है। इस मार्ग पर ग्रामवासियों द्वारा पुलिया प्रस्ताव की मांग की गई है। यह मामला कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया के संज्ञान में आने पर उन्होंने संबंधित कंपनी के साथ बैठक कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और स्थल निरीक्षण कराया। इस संबंध में इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के जनरल मैनेजर एस एम मुर्तजा ने बताया है कि ग्राम धनगवां से ग्राम नेवरी नवापारा जाने वाले मार्ग में रेल लाइन निर्माण किया जाना है, जिसके लिए मिट्टी कार्य (अर्थवर्क) रेल लाइन बिछाने के लिए कार्य प्रगति पर है। ग्राम वासियों द्वारा इस कार्य मार्ग पर पुलिया प्रस्ताव की मांग की गयी है। इस विषय पर 27 जून 2023 को इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के जनरल मैनेजर सी-1, पेंड्रा और जिला कलेक्टर गौरेला-पेन्ड्रा मरवाही की संयुक्त बैठक हुई। जनरल मैनेजर ने स्पष्ट किया गया कि जिस मार्ग पर ग्रामवासी पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं, उस मार्ग से धनगवा रेल्वे स्टेशन (प्रस्तावित) के प्लेटफार्म निर्माण कार्य किया जाना है। ग्रामवासियों के आवागमन एवं जनसंख्या की दृष्टि से पूर्व में ही मार्ग के बाएं और 560द्व एवं दाएँ ओर 590द्व पर पुल निर्माण कार्य किया जा चुका है। इसके अलावा पानी निकासी के लिए 3 पुलिया निर्माण की जा चुकी है एवं एक पुलिया जो की बाएँ और 220द्व दूरी पर है जिसका उपयोग बारिश उपरान्त आवागमन के लिए किया जा सकता है।

जनरल मैनेजर ने बताया कि बैठक में ग्राम धनगवां से ग्राम नेवरी नवापारा जाने वाले मार्ग से एक वैकल्पिक मार्ग निर्माण करने की बात कही गई है, जो कि बाए और 560द्व दूरी पर बने पुल को जोड़ेगी एवं दूसरी तरफ स्टेशन पहुँच मार्ग प्रस्तावित है, जिससे आवागमन में कोई समस्या नहीं होगी एवं जब तक यह मार्ग निर्माण कार्य नहीं होगा तब तक मौजूदा मार्ग में कोई मिट्टी पटाई का कार्य नहीं किया जायेगा। हमारी उपस्थिति आम जन सुविधा के लिए तत्पर है और आगे भी समस्याओं के समाधान के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि 27 जून 2023 को मौका स्थल पर नायब तहसीलदार, ग्रामवासियों, जनप्रतिनिधि एवं इरकॉन द्वारा स्थल निरिक्षण भी किया गया, जिसमें मौजूदा मार्ग पर कोई मिट्टी पटाई कार्य नहीं देखा गया एवं मार्ग अपने मूल स्वरूप में है।

जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को कंपास बॉक्स वितरण किया

मुंगेली/नवप्रदेश। प्राथमिक शाला दाबो में डॉ. सरिता भारद्वाज एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी बच्चों को मुंह मीठा कराकर कंपास तथा शिक्षण सामग्री वितरण किया गया। शिक्षकों ने मिलकर अपने-अपने कार्य को पूरी लगन व लगन के साथ करने की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

सेवानिवृत्त उपाध्याय को दी विदाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के स्टेनो टाइपिस्ट के.के. उपाध्याय को आज सेवानिवृत्ति के पश्चात कलेक्टोरेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में एडीएम आरए कुरूवंशी ने उपाध्याय के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे बहुत कम लोग होते हैं, जो बेदाग छवि के साथ रिटायर्ड होते हैं। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन बहुत ही ईमानदारी के साथ पूरा किया। मुझे उम्मीद है कि वे सेवानिवृत्ति के बाद पारिवारिक सामाजिक दायित्व को अच्छे ढंग से निर्वहन कर पाएंगे। एडीएम कुरूवंशी ने श्री उपाध्याय के सुखमय एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। जिला कार्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा उपाध्याय को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

रामदत्त गौरहा को दी भावभीनी विदाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समग्र शिक्षा के सहायक कार्यक्रम समन्वयक रामदत्त गौरहा को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति के पश्चात विदाई दी गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डीके कौशिक ने श्री गौरहा के स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एडीपीओ डॉ. अनिल तिवारी, सहायक संचालक पी दासरथी, रामेश्वर जायसवाल सहित जिला शिक्षा कार्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

बिलास साहित्य पत्रिका का विमोचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। उत्कल बिलास साहित्य संसद बिलासपुर के तत्वावधान में उत्कल बिलास साहित्यिक पत्रिका का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय पाठक रहे। विशिष्ट अतिथि उत्कल बिलास साहित्य संसद के अध्यक्ष करुणाकर बेहरा, डॉ. बीरबल प्रधान, डॉ. राघवेंद्र दुबे रहे। पत्रिका के संपादक बामन चंद्र दीक्षित ने पत्रिका के संदर्भ में अपनी बातें रखी। मुख्य अतिथि डॉ. पाठक ने कहा कि उत्कल बिलास में राष्ट्र भाषा हिंदी, भारती भाषा उड़िया, राजभाषा छत्तीसगढ़ी और अंग्रेजी का सुंदर समन्वय है, जो भाषा सेतु का कार्य करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रदर्शित करता है। बेहरा ने कहा कि पत्रिका उन विविध भाषाओं के रचनाओं को लोगों तक पहुंचाने माध्यम है।

रोजगार मिलने से युवाओं के चेहरे खिले

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा बेरोजगारी भत्ता हितग्राहियों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु आयोजित प्लैसमेंट कैम्प में चयनित पांच युवाओं को जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरूण सिंह चौहान ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शुरू की गयी महत्वाकांक्षी योजना बेरोजगारी भत्ता से राज्य के युवाओं में हर्ष व्याप्त है। गौरतलब है कि यह प्लैसमेंट कैम्प रोजगार कार्यालय एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। चयनित युवाओं ने योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। चयनित युवाओं में एलआईसी के लिए एडवाईजर पद के लिए ज्योति ठाकुर, समृद्धि किसान बायो प्लांटेक में सेल्स ट्रेनी पद के लिए पवन धीवर, विपिन साहू, सुमित मानिकपुरी और गोविंदराम शामिल है। नियुक्ति पत्र पाकर युवाओं के चेहरे खिल उठे। इस दौरान रोजगार अधिकारी श्री अमर पहारे, जिला पंचायत के अधिकारी ओम पाण्डेय, कौशल विकास प्राधिकरण के सहायक संचालक उमाकांत पटेल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

पर्स से सोने की जेवर पार, रिपोर्ट दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। छह महीने पहले व्यापार विहार में आयोजित फन वर्ल्ड में घुमने आए थे। इस दौरान चोरों ने उनकी पर्स से डेढ़ लाख के जेवर पार कर दिए। इंस्पेक्टर ने घटना की शिकायत तारबाहर थाने में की थी। उनकी शिकायत पर पुलिस ने 6 महीने के बाद जुर्म दर्ज किया है। इंस्पेक्टर अपनी पत्नी अंजू सिंह और बच्चों को लेकर 15 जनवरी को व्यापार विहार में चल रहे व्यापार मेले में घुमने के लिए गए थे। मेले में घुमते हुए वे साइबर सेल के पीछे फन वर्ल्ड गए। इसी दौरान चोरों ने उनकी पत्नी अंजू के पर्स का चेन खोलकर सोने की हार, सोने का झुमका, ईयर रिंग समेत डेढ़ लाख का माल पार कर दिया। कुछ देर उनकी पत्नी कोई सामान निकालने के लिए पर्स को खोला। जेवर गायब देख उन्होंने अपने पति को इसकी जानकारी दी। इस पर निरीक्षक ने घटना की लिखित शिकायत तारबाहर थाने में की। उनकी शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। घटना के 6 महीने बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

एसईसीएल को मिला एसोचैम गवर्नेंस अवार्ड

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय वाणिज्य संस्थानों की प्रतिष्ठित संस्था एसोचैम (एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया) द्वारा एसईसीएल को बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड 2023 अंतर्गत कॉर्पोरेट गवर्नेंस अवार्ड दिया गया है। देश की अग्रणी कोयला कंपनियों में से एक एसईसीएल को कॉर्पोरेट गवर्नेंस के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। उक्त सम्मान एसईसीएल शीर्ष प्रबंधन की ओर से निदेशक (वित्त) जी श्रीनिवासन द्वारा 30 जून को कोलकाता में एसोचैम द्वारा आयोजित इंडियन माइनिंग एंड मिनरल्स कॉनक्लेव 2023 में ग्रहण किया गया।समारोह में कंपनी प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य प्रबन्धक (पर्यावरण) डॉ अनुराग तिवारी एवं मुख्य प्रबन्धक (खनन) श्री सत्यरंजन त्रिपाठी उपस्थित रहे।

आशीर्वाद पैनल ने एयू का किया घेराव

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय द्वारा विगत दिनों बीसीए प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं का आयोजन किया था विश्वविद्यालय से संबंधित महाविद्यालय में हुई थी इन परीक्षाओं का आयोजन 23 मार्च 2023 से प्रारंभ होकर 15 जून 2023 के मध्य हुआ जिसका परिणाम 27 जून2023 को आया जिसमें 78प्रतिशत विद्यार्थी एक ही विषय हिंदी में अनुत्तीर्ण आ गए। विद्यार्थियों ने अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय छात्र संघ के सचिव मनीष मिश्रा से संपर्क किया और उन्हें अपनी समस्त समस्याएं बताई जिस पर मनीष मिश्रा के द्वारा अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ तरुण दीवान का घेराव कर दिया और उनसे इस संबंध में जवाब मांगा वही बीसीए प्रथम एवं विषय में हिंदी विषय को पुन- मूल्यांकन करवाने का निवेदन किया। परीक्षा नियंत्रक ने तत्काल छात्र हित में निर्णय लेने की सहमति जताई।

निषाद पार्टी ने भाजपा को समर्थन देने की घोषणा

बिलासपुर/नवप्रदेश। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा का भव्य स्वागत कर भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की। छत्तीसगढ़ निषाद पार्टी प्रभारी और राष्ट्रीय सचिव संजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार निषाद के साथ बेलतरा बिल्हा मस्तूरी कोटा तखतपुर और बेमेतरा के से हर विधानसभा क्षेत्र के हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। स्वागत के दौरान प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने कहा किए केंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश के योगी सरकार में एनडीए के साथ निषाद पार्टी है वहां के 11 विधायकों के साथ निषाद पार्टी है। छत्तीसगढ़ भी भगवान राम का ननिहाल है यहां भी भाजपा का साथ देकर मछुआ निषाद समाज और निषाद पार्टी भारतीय जनता पार्टी की नैया पार कराएगी।

बिलासपुर को मिली एक और मेडिकल मोबाइल यूनिट

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर स्थित अपने आवासीय कार्यालय से शहरी योजनाओं का विस्तार करते हुए बिलासपुर सहित प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क (यूआईपीए) का शुभारंभ किया। इनमें बिलासपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र, तखतपुर नगर पालिका परिषद और रतनपुर नगर पालिका परिषद में बनने वाले महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क (यूआईपीए) भी शामिल है। उन्होंने मुख्यमंत्री मितान योजना का विस्तार किया। मितान योजना में श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की घर बैठे डिलीवरी की जाएगी।

स्व. लखीराम आडिटोरियम में वर्चुअली जुड़कर वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शुभारंभ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्रमुख रूप से इसमें संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, महापौर रामशरण यादव, नगर निगम सभापति शेख नजरूद्दीन, मण्डी बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला, रतनपुर नगर पालिका के अध्यक्ष घनश्याम रात्रे, कलेक्टर सौरभ कुमार, नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राही आदि शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अपनी सुंदर संस्कृति और कृषि आधारित मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण हमारा छत्तीसगढ़ पूरे देश में विख्यात है। पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान हमारी कोशिश रही है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ-साथ राज्य की शहरी अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जाए। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए हमने शहरी अधोसंरचना के विकास के लिए अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाने और ऐसी योजनाएं संचालित कीं, जिनसे समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा सके। शहरी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती देने के लिए हमने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना और धन्वंतरी जैनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना प्रारंभ की। शहरी क्षेत्रों में स्टार्टअप उद्यमियों तथा स्व-सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क की शुरुआत हम करने जा रहे हैं। इसका वर्चुअल शिलान्यास आज किया गया है। सर्विस डिलेवरी को मजबूत करने, नागरिकों को घर बैठे प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरूआत की गई। मुझे आशा है कि इस अभिनव प्रयास से हमारे शहरों में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे, साथ ही शहरी अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी।

जिले में तीन अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क

बिलासपुर शहरी क्षेत्र में महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क के लिए मोपका में एसआरएलएम सेंटर के पास पांच एकड़ जमीन चिन्हांकित की गई है। जहां अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा। इसममें दो करोड़ रूपये की लागत से बुनियादी अधोसंरचना बनायी जाएगी एवं 10 करोड़ की लागत से 750 हितग्राही क्षमता का एक टेलरिंग यूनिट बनाया जाएगा। इसके साथ साथ डिटर्जेंट मेकिंग, फेब्रिकेशन यूनिट, अर्बन नर्सरी, फ्लाई ऐश ब्रिक्स एण्ड पवार ब्लॉक जैसी गतिविधियां संचालित होगी। इसी प्रकार रतनपुर में तीन एकड़ क्षेत्र में यूआईपीए विस्तारित होगा और तखतपुर में दो एकड़ क्षेत्र में महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा।

इन अर्बन इंडस्ट्रियल पार्कों की स्थापना से शहरी गरीब परिवारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। सरकार हर पार्क के लिए 2 करोड़ रुपए देगी। शहर स्तर पर शहरी गोठान समिति योजना के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार होगी। महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क राज्य सरकार की महत्वाकांयोजना है। जिस तरह ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सुराजी गांव योजना बनाई गई है, उसी तरह यह योजना शहरों के लिए है।

स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगरीय निकायों के स्लम क्षेत्रों में मेडिकल मोबाइल यूनिट के ज़रिए दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधा में इजाफा हुआ है। बिलासपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र के लिए इस योजना के तहत एक और मेडिकल मोबाइल यूनिट की सुविधा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सौगात दी। जिले में सात मोबाइल मेडिकल यूनिट संचालित है। अब इनकी संख्या आठ हो जाएगी। अब तक इन मोबाइल मेडिकल यूनिट से 4137 कैम्प आयोजित कर 3 लाख 31 हजार 184 मरीजों का इलाज किया जा चुका है। नवीन एमएमयू से नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सुविधाओं का विस्तार होगा एवं स्लम क्षेत्र में कैम्प आयोजित किये जाएंगे।

डिप्टी सीएम ने किया मोबाइल वैन का उद्घाटन

बिलासपुर/नवप्रदेश। रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर क्वींस के सत्र 22 -23 के कार्यकाल के अंतिम दिन 30जून शुक्रवार को प्रोजेक्ट जीवनधारा (मोबाइल ब्लड वैन कम एंबुलेंस लॉन्च किया, जिसका उद्घाटन उपमुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री टी. एस. सिंह देव ने किया और रोटरी बिलासपुर क्वींस को बधाई देते हुए कहा कि क्वीन क्लब 5 सालों सें अलग अलग क्षेत्रों में कार्य लगातार करती आ रहीं हैं और अब यह मोबाइल रक्त संग्रह वैन/वाहन चालू कर लोगों को बहुत बड़ी सुविधा प्रदान कर रहीं हैं ,ताकि यह नजदीकी गांवों में रहने वाले लोगों को संदर्भ केंद्र में पहुंचा सके।

यह वैन सिर्फ रक्तदान शिविरों के लिए ही नहीं बल्क स्वास्थ्य आपातकालीनता के लिए वेंटीलेटर सुविधाएं प्रदान करेगी और किसी भी प्रकार की आपात स्थिति के लिए उपलब्ध रहेगी।इस प्रोजेक्ट के द्वारा रोटरी क्वींस शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्तदान हेतु लोगों में जागरूकता लाने के साथ साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से भी रक्तदान के द्वारा रक्त एकत्र कर सकेंगे क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग रक्तदान नही कर पाते है , इस मोबाइल ब्लड वैन की सहायता से वो भी अपने क्षेत्र में रहकर ही रक्तदान कर सकते हैं साथ ही ये वैन आपातकाल में एंबुलेंस की सेवा भी देगा । जीवनधारा प्रोजेक्ट आशिर्वाद ब्लड सेंटर के सहयोंग से किया गया एम्बुलेंस का संचालन ब्लड सेंटर द्वारा किया जायेगा । रोटरी क्वींस प्रेसिडेंट वंदना सिंह ने बताया कि ये सेवाएं निःशुल्क रहेगी ।

3 लाख के गहने ले गए चोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। हेमूनगर मुर्राभट्ठा निवासी 42 वर्षीय महिला सहपरिवार सत्संग सुनने घर के पीछे शांति कार्टेज सेवा केन्द्र गई थी। सत्संग सुनने के बाद घर पहुंची तो पता चला चोरो ने मकान का ताला तोड़ सोने चांदी के गहने व नगद रकम 6 हजार चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर तोरवा पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार हेमूनगर मुर्राभट्ठा निवासी निशा सिंह पिता नर बहादुर (42) परिवार सहित सत्संग सुनने घर के पीछे ओम शांति कार्टेज सेवा केन्द्र गई थी। शाम को 5 बजे सत्संग सुनने के बाद लौटी तो पता चला मकान का मुख्य दरवाजे में लगा हुआ ताला टूटा हुआ है। मकान अंदर दाखिल होने पर देखा अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा है। अलमारी में रखे 3 लाख के गहने व 6 हजार नगद गायब था।

सिंहदेव पार्टी के बड़े नेता : शैलजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। टीएस सिंहदेव को उप मुख्यमंत्री के पद से नवाजे जाने के बाद से भाजपा की राजनीति आक्रमक हो गई है। भाजपा के नेता इसे सिंहदेव का अपमान बता रहे हैं। भाजपा की तरफ से किए जा रहे सियासी हमले का अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव व पीसीसी प्रभारी कुमारी शैलजा ने सधे शब्दों में उसी अंदाज में जवाब दिया।

पीसीसी प्रभारी ने उप मुख्यमंत्री सिंहदेव का राजनीतिक कद बढ़ाते हुए कहा कि वे पार्टी के बड़े नेता हैं। भाजपाई क्या कहते हैं क्या सोचते हैं इससे पार्टी को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है।पीसीसी प्रभारी शैलजा बूथ जोड़ो अभियान के तहत गुरुवार को बिलासपुर पहुंची। शुक्रवार को होटल कोर्टयार्ड मेरियट में पत्रकारों से चर्चा कर रही थी। उन्होंने पीएम मोदी का नाम लिए बगैर कहा कि हमारी पार्टी जुमलेबाजी पर विश्वास नहीं नहीं करती और भरोसा भी नहीं करती है। हमने पिछले विधानसभा चुनाव में जो वादा किया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उससे कहीं ज्यादा काम किया है। हम पिछ्ली विधानसभा चुनाव से ज्यादा सीट हासिल कर सरकार बनाएंगे।पीसीसी प्रभारी ने कहा कि मणिपुर जल रहा था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका में इवेंट कर रहे थे । शैलजा ने दोहराया कि दो करो प्रतिवर्ष रोजगार देने का वादा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कितनों को रोजगार दिया। देश की जनता और युवाओं को इस सवाल का जवाब देना चाहिए। शैलजा ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति पर जमकर चोट किया । उन्होंने प्रधानमंत्री को इवेंट नेता भी कहा।

दीदियों ने निकाली जागरूकता रैली

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ''स्वीप'' के तहत से जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। समूह की दीदियों के साथ ही बी में संख्या अधिकारी-कर्मचारी, नागरिक सहित ग्रामीण इस अभियान से जु रहे है।

बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पेण्ड्रीडीह में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। समूह की दीदियां बे उत्साह के साथ इस रैली में शामिल हुई। निर्वाचनों में मताधिकार के उपयोग करने की शपथ भी ली। मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को भी निष्पक्ष चुनाव हेतु शपथ दिलाया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत कोटा संकुल स्तरीय संगठन नवांगाव सल्का में समूह की दीदियां एकजुट होकर निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को सशक्त करने की शपथ ली। इसी प्रकार छत्तीसग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिल्हा ब्लाक में महिला स्व सहायता समूहों की दीदियों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम को स्वीप के रूप में अधिक जाना जाता है। यह भारत में मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने एवं मतदाता की जानकारी बाने के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है। स्वीप का प्रमुख लक्ष्य निर्वाचनों के दौरान सभी पात्र नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक करना है।

बनाए जाएंगे पिंक पोलिंग बूथ

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बीते विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरुक करने जिला निर्वाचन कार्यालय ने पिंक पोलिंग बूथ का निर्माण किया था। इसे आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मतदान केंद्र के भीतर मतदाताओं के बैठने के लिए कुर्सियां भी बिछाई गई थी। पोलिंग बूथ में सेल्फी सेंटर भी बनाया गया था।

युवती से पहले दोस्ती, प्यार फिर धोखा, गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पहले दोस्ती फिर प्यार और युवती की आबरू से खेलने के बाद धोखा और मारपीट छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में कुछ इसी तरह के लव जिहाद की सनसनीखेज वारदात हुई।शहर में बाहर से आकर नौकरी के साथ पाई कर रही युवती से आरोपी आकिब जावेद ने पहले धोखे से दोस्ती का हाथ बढ़ाया, फिर युवती को अपने झूठे प्यार के झांसे से लेकर जॉब लगाने के नाम पर जबरदस्ती दुष्कर्म करता रहा। उसके बाद आरोपी का दिल नहीं भरा तो शादी का भरोसा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती ने जब आकिब जावेद पर शादी का दबाव बनाया तो उसने इस्लाम कबूल करने पर शादी करने की बात कही, जब पीतिा ने इस्लाम कबूल करने से मना किया, तो उसने शादी से इनकार कर दिया और इसकी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर लगातार तरह तरह की यातनाएं देता रहा। पीड़िता ने पुलिस और मीडिया को बताया कि आरोपी युवक अपने भाई के पुलिस में होने की धमकी भी देता था।

दिव्यांगों को मिला व्हीलचेयर-ट्राई साइकिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज गुजराती भवन में आयोजित भारतीय जैन संगठना के निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर के समापन अवसर पर पहुंचे। उन्होंने शिविर में दिव्यांगों को व्हीलचेयर, ट्राइसिकल, श्रवण संबंधी उपकरण, बैसाखी, कृत्रिम अंग प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे संगठन एवं शिविर में सेवा दे रहे सभी चिकित्सकों को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री ने शिविर में मौजूद सभी दिव्यांगों से उनका कुशलक्षेम पूछते हुए सभी को स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बिलासपुर विधायक श्री शैलेष पाण्डेय, महापौर श्री रामशरण यादव, छ.ग. पर्यटन मण्डल अध्यक्ष श्री अटल श्रीवास्तव, अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अभय नारायण, नगर निगम के सभापति श्री शेख नजरूद्दीन, कलेक्टर श्री सौरभ कुमार, श्री विजय पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

गौरतलब है कि भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर एवं रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से भारतीय जैन संगठना एवं गुजराती समाज के सहयोग से यह 6 दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर आयोजित किया गया। 25 जून से प्रारंभ हुए इस शिविर का समापन हुआ। शिविर में अब तक दिव्यांगों को आवश्यकतानुसार कृत्रिम अंग 145, कैलिपर्स 105, कृत्रिम हाथ 135, बैसाखी 110, ट्राईसिकल 53, व्हीलचेयर 75 और श्रवण यंत्र 215 का वितरण किया गया।

बेरोजगारी भत्ते की तीसरी किश्त जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर स्थित अपने आवासीय कार्यालय से आज बटन दबाकर बिलासपुर सहित पूरे राज्यभर के बेरोजगारी भत्ता योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की। इसमें बिलासपुर जिले के बेरोजगारीभत्ता योजना के तहत कुल 1 करोड़ 17 लाख 10 हजार एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 9 करो 99 लाख 64 हजार रूपए की राशि शामिल है। इस कार्यक्रम में जिला कार्यालय बिलासपुर से महापौर श्री रामशरण यादव, अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अभय नारायण राय, नगर निगम के सभापति शेख नजीरूद्दीन, कलेक्टर सौरभ कुमार, जिला पंचायत के सीईओ अजय अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी और युवा वर्चुअली शामिल हुए।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर बेरोजगारी भत्ता योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से चर्चा की और उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी को रोजगार मिले और सभी जरूरतमंदों और गरीबों को पक्का आवास मिले, इसके लिए हम कृत संकल्पित हैं। शासन द्वारा आज हर वर्ग के लिए विभिन्न योजनाएं बनाकर उन्हें लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। निश्चित ही

गबो नवा छत्तीसग का संकल्प आज साकार हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहियों को रोजगार के लिए ऑफर लेटर भी प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि बिलासपुर जिले में बेरोजगारी भत्ता के तहत अब तक कुल 10 हजार 808 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिसमें से कुल 6884 आवेदन स्वीकृत हुए हैं। वहीं जून माह में 1048 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आज के कार्यक्रम में बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत कुल 1 करो 17 लाख 10 हजार की राशि का अंतरण किया गया। वहीं प्लेसमेंट कैंप के द्वारा 148 युवाओं को रोजगार मिल चुका है। इसके साथ ही 167 हितग्राही रुचि अनुसार विभिन्न कार्य के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिले में कुल 3492 हितग्राहियों को उनके खाते में 9 करो 99 लाख 64 हजार रूपये की राशि का अंतरण किया गया। इसमें 1281 हितग्राहियों के प्रथम किस्त की राशि 3 करो 20 लाख 98 हजार रू., 1013 हितग्राहियों के द्वितीय किस्त की राशि 4 करो 7 लाख 36 हजार रू., 423 हितग्राहियों के तृतीय किस्त की राशि 1 करो 61 लाख 90 हजार रू. एवं 775 हितग्राहियों के चतुर्थ किस्त की राशि 1 करो 9 लाख रूपए शामिल है।

मुख्यमंत्री ने किया महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का शुभारंभ

■ प्रत्येक यूआईपीए यूनिट को मिलेगा 2 करोड़

सूरजपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर निवास कार्यालय में वर्चुअली राज्य के समस्त 14 नगर निगम और 44 नगर पालिका से जुड़कर UIPA महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रिल पार्क का शुभारंभ किया। इस दौरान नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने उद्बोधन में बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य अपनी सुंदर संस्कृति और कृषि आधारित मजबूत अर्थव्यवस्था के कारण हमारा छत्तीसगढ़ पूरे देश में विख्यात है। पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान हमारी कोशिश रही है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ-साथ राज्य की शहरी अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जाये। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए हमने शहरी अधोसंरचना के विकास के लिए अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाने और ऐसी योजनाएं संचालित की है। जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा सके। अब शहरी क्षेत्रों में स्टार्टअप उद्यमियों तथा स्व-सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क की शुरुआत हम करने जा रहे हैं। इसका वर्चुअल शिलान्यास आज किया गया है। राज्य सरकार द्वारा प्रति इण्डस्ट्रीयल पार्क 02 करोड़ रुपए की राशि संबंधित निकायों को प्रदान की जाएगी। सर्विस डिलेवरी को मजबूत करने, नागरिकों को घर बैठे प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना की शुरूआत की गई। छत्तीसगढ़ के नगर निगम क्षेत्रों में नागरिकों को घर बैठे विभिन्न शासकीय दस्तावेज मितान के माध्यम से उपलब्ध हो रहे हैं। मुझे आशा है कि इस अभिनव प्रयास से हमारे शहरों में रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे, साथ ही शहरी अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त होगी।

यूआईपीए योजना का मूल उद्देश्य शहरी गरीब परिवारों के लिए रोजगार, उद्यिमिता के माध्यम से अतिरिक्त आय के स्त्रोत विकसित करना, शहरी सतत अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना और शहरी क्षेत्रों में कुटीर (कॉटेज) एवं सेवा (सर्विस) उद्योग के लिए प्लग एंड प्ले आधारित उद्योग क्षेत्र एवं वातावरण विकसित करना है। योजना का क्रियान्वयन राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) के माध्यम से किया जाएगा। जिले से इस वर्चुअल कार्यक्रम में सरगुजा विकास प्राधिकरण अध्यक्ष खेलसाय सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष के. के. अग्रवाल, कलेक्टर संजय अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि सुनिल अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवेष गोयल, पार्षद राम सिंह, अजय सोनवानी, गिरधारी, मंजूलता गोयल, गैबीनाथ साहू, संतोष सोनी, संजय डोसी, विरेन्द्र बंसल, प्रतिनिधि पवन कुमार साहू, गिरधारी साह, एल्डरमेन देवदत्त साहू, त्रिलोक मेहता, स्वयं सहायता समूह की एलिस, पूजा सहित नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

मतदाता जागरूकता दिवस मनाया

सूरजपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सूरजपुर, पर्री में जिला प्रशासन, निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गयी। इस आयोजित कार्यक्रम में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स सी.बी. मिश्रा सहायक प्राध्यापक पंडित रेवती रमन मिश्र महाविद्यालय तथा डॉ. विनोद साहु, सहायक प्राध्यापक, नवीन कन्या महाविद्यालय के द्वारा वोटर आई.डी.रजिस्ट्रेशन, वोटर जागरूकता एप्प सहित अन्य माध्यमों से वोटर आई.डी. में नाम जुडवाने तथा सभी को मतदान में बढ़-चढ़ कर भाग लेने तथा दूसरों को भी प्रेरित करने के लिए संस्था में अध्ययनरत् प्रशिक्षाणर्थियों तथा सभी कार्यरत अधिकारी तथा कर्मचारियों को प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में निर्वाचन कार्यालय से पवन कुमार राठिया तथा अमित कुमार ठाकुर शामिल हुए। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सूरजपुर पर्री से सुश्री माधुरी पाठक, प्रभारी संख्या प्रमुख प्रशिक्षण अधिकारी, राजकुमार साहु, विजय कुमार साहू, विनोद कुमार, उपेन्द्र कुमार वर्मा, मनीष सिंह, राजू राजवाडे, सारंग कुमार, पवन कुमार, मनीषा सोनी, राकेश सिंह, सोहन राजवाड़े. मंगल साय प्रजापति, एवं 150 की संख्या में प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए।

अस्पृस्यता निवारण सद्भावना शिविर आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम सियादेही विकासखण्ड नगरी में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा अस्पृस्यता निवारण सदभावना शिविर का आयोजन किया गया उक्त शिविर में क्षेत्रीय विधायक एवं उपाध्यक्ष मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकारण डॉ लक्ष्मी ध्रुव के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ। विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियां बुराईयां छुआछुत आपसी वैमनस्यता इत्यादि को दूर कर सभी समाज के व्यक्ति एक ही मंच पर एक ही स्थान पर बैठकर एक ही स्थान पर आपस में चर्चा कर एक दूसरे का हाल चाल जानकर सभी का सहयोग करना चाहिए। आज के इस बदलते दौर में सभी को समाज में स्वतंत्र रूप से पढ़ने लिखने जीवन जीने का अधिकार है। छुआछुत समाज के लिए एक अभिशाप है, हम सबको इसके लिए आगे आकर समाज को एक नई दिशा देने हेतु संकल्प लेनी होगी। उक्त कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुकरेल करण चन्द्राकर, पीसीसी सदस्य लखन लाल ध्रुव, आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त रेशमा खान, सियादेही ग्राम के सभी समाज प्रमुख आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के सजीवन मंडावी, साहू समाज आशाराम साहू, सतनामी समाज बद्री प्रसाद, गंधर्व समाज जोहत राम, यादव समाज तिरिथ यादव, विश्वकर्मा समाज राजेश विश्वकर्मा, मरार समाज संजय रामटेके, धोबी समाज बिरझूराम, सिन्हा समाज चमनदास सिन्हा, सेन समाज कनश राम, एवं ग्राम लसूनवाही के आदिवासी समाज के प्रभूराम ध्रुव, यादव समाज रामेश्वर यादव, साहू समाज तरूण साहू, कमार समाज राम जी पहारिया, गंधर्व समाज शिव प्रसाद, ग्रामवासी व स्कुली बच्चे शिक्षक व गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि इत्यादि लोग उपस्थित थे।

झोलाछाप डॉक्टर का क्लीनिक सील

गौरेला/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया के निर्देशानुसार झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मरवाही प्रिया गोयल के निर्देशन में ग्राम बस्ती में अवैध रूप से संचालित पाए जाने पर झोलाछाप डॉक्टर का क्लिनिक सील किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार प्रशांत गुप्ता, बीएमओ डॉ हर्षवर्धन एवम डॉ प्रकाश, थाना प्रभारी लता चौरे उपस्थित थे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सरोजनी सम्मानित

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कलेक्टर डा फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में जिले के विभिन्न स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन किया गया था जिसमे शासकीय प्राथमिक शाला बरभाठा विकासखंड बिलाईगढ़ की सरोजनी साहू द्वारा संचालित समर कैंप की प्रशंसा करते हुये सराहनीय पहल बताया गया था।विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्र देव राय द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रुप से विकास खंड शिक्षा अधिकारी एस एन साहू,बीआरसी नेतराम रात्रे, प्राचार्य, संकुल समन्वयक, एसडीएम मैडम, एवं विकास खंड के समस्त शिक्षक की उपस्थिति में यह सम्मान प्रदान किया गया।

साहू समाज के राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारी पहुंचे सोनामगर

नगरी/नवप्रदेश। शोक संतप्त परिवार से मिलकर दिए सांत्वना विगत दिनों हुई सिहावा घठूला के बीच स्कार्पियो गाड़ी व ट्रक के साथ भयावह दुर्घटना में सिहावा सोनामगर निवासी दुलेश्वर साहू उम्र 43 साल व दो पुत्री की दर्दनाक निधन की खबर से पूरे सिहावा क्षेत्र व साहू समाज स्तब्ध हैं, दुलेश्वर साहू समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति देऊरपारा के नोहर साहू स्वर्गीय मोहन साहू भानुराम साहू के भ्राता स्वर्गीय सोहन साहू सोनामगर वाले के पुत्र हैं। जिसके खबर मिलते ही साहू समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ व छत्तीसगढ़ शासन में तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल राम साहू महामंत्री द्वय दयाराम साहू हलधर साहू प्रदेश युवा प्रकोष्ठ संयोजक पवन साहू नगरी तहसील साहू समाज अध्यक्ष पुनीत राम साहू पुर्व जिला साहू संघ उपाध्यक्ष हृदय साहू नगरी परीक्षेत्र के संरक्षक रामगोपाल साहू सिरसिदा परिक्षेत्र अध्यक्ष लालसिंग साहू सचिव चंद्रभान साहू पुर्व अध्यक्ष रामभरोष साहू व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष नेमसिंह साहू बिरगुड़ी परिक्षेत्र अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह साहू सचिव डा. भुपेंद्र साहू महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष माहेश्वरी साहू युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अनिरूद्ध साहू पुर्व सचिव उत्तम साहू सचिदानंद साहू युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वकील सुरेश साहू सहित ग्रामीण साहू समाज सोनामगर छिपलीपारा देउरपारा के सामाजिक पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिना अनुमति संचालित हेल्थ सेंटरों पर कार्रवाई

गौरेला/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया के निर्देशानुसार बिना अनुमति के संचालित हेल्थ केयर सेंटरो पर नियमानुसार कार्रवाई शुरू हो गई है। इसी सिलसिले में अनुविभाग पेंड्रा रोड में अनुविभागीय अधिकारी पेंड्रा रोड पुष्पेंद्र शर्मा, प्रभारी तहसीलदार पेंड्रा रोड अविनाश कुजूर, बीएमओ गौरेला डॉ अभिमन्यु, हल्का पटवारी विनोद जगत के दल द्वारा नरेश हेल्थ केयर के द्वारा बिना अनुमति संचालित सेंटर्स के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए, दुर्गावती तिराहा, गौरेला, बाँधामुड़ा गौरेला, सारबहरा, देवरगांव में संचालित सेंटर सील किए गए ।

विगत 2 माह से संचालित किए जा रहे थे हेल्थ केयर सेंटर जिनमें 12वीं पास युवतियों को नर्स की ट्रेनिंग देकर क्षेत्र के ग्राम पंचायतों एवं नगरी इलाकों में लोगों को इलाज के लिए नियुक्ति की गई थी इनके द्वारा मरीजों को इंजेक्शन लगाना एवं चिकित्सक के परामर्श के बाद लेने वाली दवाइयों को भी इन सेंटर्स के माध्यम से दी जाती थी एवं कुछ सेंटरों में ब्लड की जांच भी की जाती थी।

विधायक ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

■ नवनिर्मित सामुदायिक भवन में वृक्षारोपण

पत्थलगांव/नवप्रदेश। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन यू. डी. मिंज ने ग्राम पंचायत -तपकरा के ग्राम- झिलीबेरना में विधायक मद के लागत राशि 6.50 लाख से नवनिर्माण सामुदायिक भवन का लोकार्पण एवं भवन के प्रांगण में वृक्षारोपण किया।विधायक यू.डी. मिंज ने कहा कि मैंने आप लोगों की मांग को समय पर पूरा कर दिया है यहां शादी, पार्टी, छट्टी छोटे मोटे कार्यक्रम में यह भवन कारगर होगा। जशपुर जीले में शिक्षा की स्थिति को लेकर कहा कि 10वीं, 12 वीं में सबसे ज्यादा उत्तीर्ण आने वाले मेघावी छात्रों को जीले का मान बढ़ाने के लिए बधाई दी विधायक यू.डी. मिंज ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अगर पानी बचाना है तो जंगल काटना बन्द करें वरना विनास का रास्ता जल्द खुल जायेगा। दिनों दिन हमारे क्षेत्र में जल स्तर कम होता जा रहा है जिस पर ग्रामीणों से जंगल की कटाई न करने एवं जंगल मे आग नहीं लगाने की अपील की है। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण महत्वाकांयोजनाओं को ग्रामीणों को बताते हुए कहा कि बीमारी से परेशान ग्रामीण जनता निः संकोच मुझ से मिले इलाज जैसे जटिल समस्या को लेकर एक बार जरूर याद करने को कहा और हर सम्भव मद्त करने की बात ग्रामीणों से कही। जितने भी आवेदन कार्यक्रम स्थल पर मीले उसे जल्द निराकरण करने की बात कही।

कार्यक्रम में विशेष रूप से निरंजन ताम्रकर अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी, ए ए सिद्की एसडीओ आरईएस, -सविता जायसवाल सरपंच,- सरिता पैंकरा जनपद सदस्य,- अगाथा तिग्गा जनपद सदस्य,तरु दास पंच, विनोद साय पैंकरा,विनोद जायसवाल, सन्तोष जायसवाल, राधे चौधरी, सुजीत साहू, सेराज खान, सरोज ताम्रकर, अप्पू सोनी, बसन्त गुप्ता, विरेन्द्र दास, शुशील भगत इंजीनियर, सुदर्शन राम सचिव इकबाल खान, अकास दास सहित भारी संख्या में ग्रामीण एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

बकरीद की मुबारकबाद दी विधायक ने

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं उपाध्यक्ष मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन सम्माननीय डॉक्टर लक्ष्मी लखन लाल ध्रुव नगरी मुस्लिम भाइयों के त्यौहार बकरीद के पावन अवसर पर ईदगाह स्थल पर पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को ईदगाह की मुबारकबाद दी बकरीद इस्लामी पर्वो में दूसरा सबसे शुभ त्योहार है। इस साल 29 जून को बकरीद मनाया गया। दुनिया भर के मुसलमान इस त्योहार को दोस्तों और परिवार के साथ मनाते हैं। इस्लाम में बकरीद का खास महत्व है। बकरीद को ईद उल-अजहा भी कहा जाता है। इस दिन बकरे की कुर्बानी दी जाती है। इस्लाम में ईद उल-अजहा के दिन बकरे की कुर्बानी का विशेष महत्व बताया गया है। इस्लाम धर्म में बकरीद को बलिदान का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में बकरीद काफी महत्वपूर्ण पर्व है। बकरीद के इस ख़ास मौके पर डॉ लक्ष्मी लखनलाल ध्रुव ने क्षेत्र के मुस्लिम भाइयों को ईदुल अजहा बकरीद की मुबारकबाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए दी नगरी मस्जिद में क्षेत्रीय विधायक को अपने बीच पाकर मुस्लिम समुदाय के लोग हर्षित हुए।

श्रद्धांजलि देने पहुंची विधायक

नगरी/नवप्रदेश। ब्लाक कांग्रेस कमेटी मगरलोड के वरिष्ठ एवं पार्टी के भीष्म पितामह कहे जाने वाले कांग्रेस के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी मगरलोड कर्मठ एवं सच्चे सिपाही ग्राम भोथीडीह निवासी स्व. लक्ष्मणदास चिरयानी जी के शोक सभा में श्रद्धांजली देने पहुंची क्षेत्रीय विधायक डॉ लक्ष्मी लखन लाल ध्रुव। स्व. चिरयानी जी कांग्रेस के सच्चे एवं जाबांज सिपाही थे उनके जाने कांग्रेस पार्टी को क्षति हुई है। क्षेत्रीय विधायक ने उनके परिवार को इस शोक की घड़ी को सहन करने ईश्वर से प्रार्थना की। उक्त अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी मगरलोड के अध्यक्ष डीहूराम साहू, पीसीसी सदस्य लखन लाल ध्रुव, महामंत्री डाकुवर सिंह साहू, खिलेश्वरी साहू अध्यक्ष महिला ब्लाक कांग्रेस कमेटी मगरलोड, जनपद अध्यक्ष ज्योति दिवाकर ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य कांति कंवर, कुसुमलता साहू, एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी मगरलोड के समस्त पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि कार्यकर्तागण शामिल थे।

गोरेगांव में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

नगरी/नवप्रदेश। ब्लॉक मुख्यालय नगरी के समीपस्थ ग्राम गोरेगांव में राजीव युवा मितान क्लब ग्राम पंचायत गोरेगांव द्वारा गोरेगांव समेत ग्राम सामतरा, टेंगना में शाला प्रवेश उत्सव सत्र का भव्य रूप से आगाज किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर आगंतुक अतिथियों एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित पालक गण व छात्र-छात्राओं द्वारा पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती मालती बाई ध्रुव, कार्यकम की अध्यक्षता ग्राम सभा अध्यक्ष लेखराम गंगबेर, विशिष्ट अतिथि के रूप में धनेश्वरी अटलखाम, त्रिलोक ध्रुव, जातेश साहू एवं प्रधान पाठक केपी साहू, चुलेश्वरी पायल, समेत स्कूल के समस्त शिक्षक बंधु एवं पालक गण अतिथि के रूप में मौजूद रहें। नवीन प्रवेशित छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर, मुंह मीठा करा कर राज्य शासन द्वारा कक्षा पहली से लेकर कक्षा आठवीं अध्ययनरत छात्र छात्राओं को दी जाने वाली निशुल्क पुस्तक तथा गणवेश अतिथियों द्वारा वितरण किया गया।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

अब 25 सेवाएं घर...

छत्तीसगढ़ के नगर निगम क्षेत्रों में नागरिकों को घर बैठे विभिन्न शासकीय दस्तावेज मितान के माध्यम से उपलब्ध हो रहे हैं। आज से मुख्यमंत्री मितान योजना अंतर्गत श्रमिक कार्ड सेवाओं सहित कुल 25 सेवाओं की घर बैठे डिलिवरी का विस्तार करते हुए मितान के माध्यम से प्रदेश के समस्त नगर पालिका परिषदों में उपलब्ध होगी।

सिकल सेल एनीमिया ...

से ही आगे की पीढ़ी को मिलती है। पीएम ने कहा कि ऐसी बीमारी से पीड़ित बच्चे पूरी जिंदगी इस बीमारी से जूझते हैं। इस बीमारी से आधे मामले सिर्फ अपने देश में होते हैं। इतनी गंभीर बीमारी को लेकर देश में पिछले 70 सालों में कभी चिंता नहीं की गई।

पीएम ने इस दौरान कहा कि मैंने देश के अलग-अलग इलाकों में आदिवासी समाज के बीच एक लंबा समय गुजारा है। सिकल सेक एनीमिया जैसी बीमारी बहुत कष्टदायी होती है। ये बीमारी न पानी से होती है, न हवा से और न भोजन से फैलती है। ये बीमारी आनुवंशिक होती है यानी माता-पिता से ही बच्चे में ये बीमारी आती है। ऐसे में आइए आज चर्चा करते हैं इसी गंभीर बीमारी के बारे में। आसान शब्दों में समझने की कोशिश करते हैं कि आखिर यह बीमारी है क्या? कैसे फैलती है? इससे ठीक होने का तरीका क्या है?

संसद का मानसून ...

कि पिछले बजट सत्र में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा सदस्य के रूप में अयोग्य ठहराए जाने सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार के खिलाफ विपक्ष के हंगामे के बाद दोनों सदनों में गतिरोध देखा गया था।

आदिवासियों को भूल ...

इस सच्चाई को कोई नकार नहीं सकता है कि छत्तीसगढ़ का कायाकल्प डॉ. रमन सिंह ने किया है। उन्होंने नया रायपुर ही नहीं बल्कि नया बस्तर बनाया है।

आदिवासियों को मकान नहीं मिला :

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार केवल आदिवासी समाज के कल्याण के लिए 90 हजार करोड़ रुपये का अलग से बजट आवंटित कर दिया है। हर साल 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाने का भी ऐलान किया गया। कांग्रेस आदिवासियों को भूल गई। कांग्रेस ने मदद नहीं की इस वजह से आदिवासियों भाइयों को मकान नहीं मिला। इस पर टीएस सिंहदेव ने भी नाराजगी जताई थी। नक्सलवाद कब का खत्म हो जाता, लेकिन हमको सहयोग नहीं मिला। धर्मांतरण पर भी लगाम लगाई जानी चाहिए।

पीएम के स्वागत की ...

बैठक में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव, पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह समेत अन्य बड़े नेता बैठक में मौजूद रहे। संगठन ने नेताओं को अलग-अलग क्षेत्रों में पीएम मोदी की सभा के लिए लोगों से संपर्क करने को कहा है। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में पीएम मोदी की सभा होगी। इसके लिए शुक्रवार को पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद सुनील सोनी, रायपुर के एसएसपी प्रशांत अग्रवाल, कलेक्टर समेत जिला प्रशासन के अधिकारी साइंस कॉलेज ग्राउंड भी पहुंचे थे। यहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। ट्रैफि क सिस्टम और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई।

सहमति की उम्र 18 ...

कारण से जब आईपीसी लागू हुआ तो कानून निर्माताओं ने महिला की उम्र 16 वर्ष रखी, क्योंकि वे उपरोक्त तथ्यों से अच्छी तरह वाकिफ थे।

लंबित मामले की कर रहे थे सुनवाई :

न्यायमूर्ति अग्रवाल राहुल चंदेल जाटव के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने के लिए आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-482 के तहत दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। जाटव पर 12 साल से कम उम्र की लड़की से बलात्कार करने के लिए धारा 376 (2)(एफ)(एन) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग
पेण्ड्रा संभाग, पेण्ड्रारोड
निविदा आमंत्रण की सूचना

क्रमांक 3033/2023-24/व. ले.लि./ पेंड्रारोड/ दिनांक 28.1.6./2023

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये 'ई' श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र AE में प्रतिशत दर पर ब्लॉक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 05.07.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाओं प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 07.07.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि दिनांक 10.07.2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

स.क्र.	कार्य का नाम/No. of Call	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु. में)	कार्य की अवधि
	विकासखण्ड - गौरेला		
01.	न्यायाधीश आवासगृह पेण्ड्रारोड की बाउण्ड्रीवाल का जीर्णोधार कार्य। प्रथम आमंत्रण।	4.99 3743.00	02 माह (वर्षा ऋतु सहित)

निविदा समय-सारणी में आवश्यक निर्देश - आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है (1) ई-पंजीयन की छायाप्रति, (2) निवास प्रमाण पत्र (3) जीएसटी प्रमाण पत्र, (4) पेन कार्ड (5) आवेदक स्वयं उपस्थित होकर निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करें एवं एक पंजीयन में एक निविदा फार्म प्रदाय की जावेगी (6) ईपीएफ पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है एवं (7) अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकता है।

जी-02878/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग
पेण्ड्रा संभाग, पेण्ड्रारोड

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

संभागायुक्त ने तहसील, एसडीएम व जिला कार्यालय का निरीक्षण किया

■ **तहसीलदार एवं नायब नाजिर को नोटिस जारी**

भाटापारा/नवप्रदेश। रायपुर संभाग के सम्भागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने शुक्रवार को जिले के प्रवास के दौरान तहसील,अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय सहित संयुक्त जिला कार्यालय का निरीक्षण कर कामकाज का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों की विभिन्न शाखाओं जैसे- कानूनगो, वित्त, डब्ल्यूबीएम, रिकार्ड रूम सहित विभिन्न संधारित पंजियों व दस्तावेजों का गहन निरीक्षण किया और राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर चंदन कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए। तहसील न्यायालय में निरीक्षण के दौरान पंजीयों के संधारण में गंभीर खामियां कमिश्नर को मिली। जिस पर बलौदाबाजार तहसीलदार बलराम तम्बोली एवं नायब नाजिर शाखा के प्रभारी मालिकराम यादव को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 15 दिवस के भीतर रिकार्ड को दुरूस्त करने निर्देश दिए है। कमिश्नर ने सभी न्यायालयों के प्रकरणों को बारी-बारी से अध्ययन कर प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए है। उन्होनें निरीक्षण के दौरान कहा कि बार-बार पेशी बुलाने से हितग्राहियों काफी तकलीफ होती है। न केवल उनका पैसा बर्बाद होता है, बल्कि समय की भी बर्बादी होती है। अतः सभी पेशीयों कमी लाते हुए शीघ्र ही प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए है।इसके साथ ही उन्होनें दो टूक कहा कि रिकार्ड का दुरूस्तीकरण नहीं हो पा रहा है। इसके लिए प्रकरणों का अधूरा नस्तीबध्द करना भी एक महत्वपूर्ण कारण है अतः इसके लिए सभी न्यायालयीन मजिस्ट्रेट अपने प्रकरणों को तभी नस्तीबध्द कर पायेगा जब उसमें बी-वन, पी-टू एवं खसरा का उल्लेख कर उक्त कापी को जोड़ा जायेगा। इस दौरान उन्होनें तहसील में आये आवेदक किसान ग्राम कंजी निवासी बाबूराव एवं वकीलों के प्रतिनिधि मण्डल से मुलाकात कर कार्यालय के कामकाज के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। इस दौरान वकीलों ने राजस्व न्यायालयों में हो रही समस्याओं के बारे में कमिश्नर को अवगत कराया। जिस पर कमिश्नर ने शीघ्र ही निराकरण के आश्वासन देते हुए कलेक्टर को उचित समाधान करने के निर्देश दिए है।

राजस्व विभाग की कामकाज की समीक्षा

संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में कमिश्नर डॉ संजय अलंग ने सभी राजस्व अधिकारियों की बैठकर कर कामकाज की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने इस दौरान नामांतरण, अविवादित बंटवारा,अभिलेख दुरुस्ती, भू-अर्जन, भू-भाटक, सीमांकन जैसे प्रकरणों का विस्तृत समीक्षा किए। उन्होंने कहा की सभी रिकार्ड को अनिवार्य रूप से दुरस्त एवं सभी प्रकरणों को शत प्रतिशत ई कोर्ट में दर्ज करने के निर्देश दिए है। साथ ही सप्ताह में एक दिन पटवारियों का नियमित बैठक कर कार्य की समीक्षा करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जिले में अभिलेख शुध्दता एवं डिजिटल हस्ताक्षर के प्रकरण बड़े पैमाने में लम्बित है। जो कि किसी भी स्थिति में अच्छी नहीं कहा जा सकता है। इसके लिए कल से सभी तहसीलदार,पटवारियों के माध्यम से इस कार्य को एक अभियान चलाकर पूर्ण कर लेवें। इसके लिए एक माह की समय सीमा निर्धारित की गई है। इस दौरान कलेक्टर चंदन कुमार ने कमिश्नर को आश्वस्त किया कि हम एक माह के भीतर ही राजस्व प्रकरणों के निराकरण में कमी लाने का प्रयास करेंगें।

अर्जुनी में भाजपा की बैठक

अर्जुनी/भाटापारा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी का महा जनसंपर्क अभियान के तहत शक्ति केंद्र अर्जुनी में बैठक हुई जिसमे बलौदा बाजार ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष डोमन लाल वर्मा एवं उड़ीसा से आए अल्पकालीन विस्तारक सुब्रत मुखी विशेष रूप से उपस्थित थे। उक्त बैठक में डोमन लाल वर्मा ने प्रदेश में भूपेश सरकार की विफलता और नरेंद्र मोदी के 9 साल बेमिसाल को विस्तार से कार्यकर्ताओं के समक्ष रखा । घर घर संपर्क कर मोदी जी के नव वर्ष का कार्यकाल को जनता के समक्ष रखने के लिए कार्यकर्ताओं से आग्रह किया। सुब्रत मुखी ने मेरा बूथ सबसे मजबूत भोपाल में हुए कार्यक्रम को विस्तार से बताया तथा उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कुछ समय अपने पार्टी के लिए निकालना चाहिए। क्योंकि हमारी पार्टी राष्ट्रहित में कार्य करती है। इस अवसर पर आए बूथ के अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं ने भी बूथ में आने वाले समस्याओं के बारे में मंडल अध्यक्ष को बताया। तथा जनसंपर्क अभियान के लिए एकजुट होकर घर घर जाने का संकल्प लिया। उक्त बैठक में डमरूधर वर्मा ,गंगाराम वर्मा, ऋषि कुमार वर्मा रोहित वर्मा, प्रमोद जैन, भूत पूर्व सैनिक विष्णु साहू,मोहन लाल वर्मा चित्ररेखा साहू,राधेश्याम वर्मा,गुरुचरण वर्मा,भैरव प्रसाद देवांगन,शंकर लाल रजक,जवाहर प्रसाद वर्मा,गोवर्धन निषाद सहित वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

नड्डा का एयरपोर्ट में स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का छत्तीसगढ़ के न्यायधानी बिलासपुर एयरपोर्ट आगमन पर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, विधायक शिवरतन शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डाक्टर रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष अरुण साव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले सहित,धरम लाल कौशिक सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेतागण उपस्थित थे।

नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत

खरसिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री भुपेश बघेल द्वारा 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव 2023 का शुभारंभ किया गया। इसी तारतम्य में खरसिया नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 15 में संचालित शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन मौके पर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल के करीबी और विश्वसनीय साथी व शाला विकास समिति के अध्यक्ष चि योगेश कबुलपुरिया ने शिक्षकों, विद्यार्थियों व पलकों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री व रायगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम के (नव प्रवेशी बच्चों के नाम) संदेश को पढ़ने के साथ साथ कैरियर बनाने पर मोटिवेशनल संबोधन भी दिया।

योगेश कबुलपुरिया ने अपने संबोधन में बताया कि शाला प्रवेश उत्सव के माध्यम से अप्रवेशी, प्रवेश योग्य और अनियमित बच्चों को प्रवेश के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। बच्चों में स्कूल जाने की रुचि को बढ़ाने के लिए प्रदेश के लगभग 50,000 स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे हैं साथ ही प्रदेश के लगभग 15,000 स्कूलों में मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के तहत स्कूलों को आकर्षक बनाया जा रहा है और शिक्षको की क्षमता में सतत विकास करते हुए विद्यालयों में पढ़ाने के साथ-साथ सिखाने के ढंग को भी प्रभावी बनाया जा रहा है। प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री द्वारा बस्तर में नक्सल हिंसा से प्रभावित 314 स्कूलों को पुनः संचालित करने का अद्भुत कार्य किया जा रहा है जिससे लगभग 10,000 बच्चें सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। योगेश कबुलपुरिया ने अपने उद्बोधन के अंत में उच्च शिक्षा मंत्री व खरसिया के लाडले विधायक श्री उमेश पटेल द्वारा खरसिया विधानसभा में किये जा रहे विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा किए गए विश्वास के लिए उन्हें साधुवाद देते है उपस्थित सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान शा. कन्या पू. मा. वि के शाला विकास समिति के अध्यक्ष चि योगेश कबुलपुरिया के द्वारा नवप्रवेशी एवं पूर्व से अध्यनरत छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया और पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश अपने हाथों से वितरण किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए योगेश कबुलपुरिया ने बीते वर्ष विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विभिन्न कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं कुछ के पालकों द्वारा शाला विकास समिति के अध्यक्ष योगेश कबुलपुरिया का माला पहनाते हुए स्वनिर्मित कार्ड देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर प्रधान पाठक गीता चौहान ने बेहतर शिक्षा एवं अनुशासन के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में मंच संचालन मुकेश पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों व उनके पालकों के साथ शाला विकास समिति के अध्यक्ष योगेश कबुलपुरिया, सचिव (प्रधान पाठक) गीता चौहान, शिक्षक/ शिक्षका उमा मनहर, सृष्टि पटेल, निशा साहू, सहायक शिक्षक चितरंजन पटेल एवं मुकेश पटेल, कंप्यूटर शिक्षक देवेंद्र जोल्हे व खिलेश्वरी टंडन (भृत्य) उपस्थित थे।

विभाग की सतर्कता से रूका बाल विवाह

■ **परिजनों को बाल विवाह नहीं करने की दी गई समझाइश**

गरियाबंद/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग की सतर्कता से मैनपुर विकासखण्ड के एक गांव में बाल विवाह होने से रोका गया। दूरभाष के माध्यम से प्राप्त सूचना अनुसार मिशन वात्सल्य (मबावि) गरियाबंद से श्री गोपाल सिंह कंवर (सामाजिक कार्यकर्ता) एवं चाईल्ड लाईन 1098 से नंद कुमार नायक (टीम मेम्बर) एवं धवलपुर चौकी (मैनपुर थाना) के द्वारा बाल विवाह स्थल पर पहुंचकर पूछताछ कर दाखिल खारिज के अनुसार बालिका के आयु का सत्यापन करते हुये बाल विवाह रोका गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के निगरानी एवं निर्देशन में दोनों के परिजनों को समझाईश दिया गया। साथ ही निर्धारित उम्र पश्चात ही विवाह करने सलाह दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय ने बताया कि दूरभाष में सूचना प्राप्त हुई कि मैनपुर विकासखण्ड अन्तर्गत एक ग्राम में 28 जून को बाल विवाह होने की तैयारी चल रही थी। जिला बाल संरक्षण इकाई (मबावि) एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर बालिका की आयु संबंधी दस्तावेज कक्षा 5वीं व 8वीं की मार्कशीट के आधार पर बालिका की आयु सत्यापन किया गया। जिसमें बालिका आयु 16 वर्ष 11 माह होना पाया गया। बालिका का विवाह दिनांक 28 जून 2023 को तय किया गया था। विवाह के लिये बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बालिका की आयु 18 वर्ष एवं लड़के की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है।

पूर्णिमा महोत्सव का समापन

खरोरा/नवप्रदेश। सद्गुरु धाम आश्रम गौरखेड़ा में चल रहे तीन दिवसीय श्रीगुरू पूर्णिमा महोत्सव का गुरूवार को समापन हुआ। सदविप्र समाज के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में 27 से 29 जून तक मां आदि श्री के मुखारविंद से रामकथा प्रवाहित हुई। वहीं स्वामी श्री कृष्णानंद महराज जी का आशीर्वचन प्रवचन सुन श्रोता भावविभोर हुए। आखिरी दिवस ब्रम्हदीक्षा और गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन हजारों भक्तों की उपस्थिति में हुआ।

उल्लेखनीय है कि, प्रतिवर्ष यहां इस प्रकार का भव्य आयोजन होता है। महोत्सव के दौरान तीन दिनों तक दिव्य प्रवचन और श्रीराम नाम संकीर्तन भक्ति ज्ञान गंगा में भक्त गोता लगाते रहे। इस दौरान स्वामी कृष्णानंद महाराज जी ने व्यास गद्दी से विस्तारपूर्वक व्याख्यान देते हुए पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि, इस पृथ्वी पर 12 पूर्णिमा होते हैं और सभी पूर्णिमा का अलग-अलग महत्व है। जैसे बुद्ध पूर्णिमा, नानक पूर्णिमा, कबीर पूर्णिमा। उसी प्रकार गुरु पूर्णिमा का भी विशेष महत्व है। यह किसी एक व्यक्ति के नाम से नहीं अपितु यह पर्व गुरु के नाम से जाना जाता है। जब वर्षा होती है तो पत्ते से जड़ तक तृप्त हो जाते है। उसी प्रकार गुरुदेव शिष्य के सिर से लेकर पैर तक जन्मों जन्म के मलावरण को साफकर देते हैं। जिससे शिष्य का जीवन पूर्ण प्रकाशित हो जाता है।

माता-पिता के त्याग को समझाते हुए उन्होंने आगे कहा कि, आज का मानव मंदिरों में जाकर सिर झुका लेता है। प्रणाम कर लेता है। लेकिन घर जाकर अपने माता-पिता को प्रणाम नहीं करते और न ही सेवा करते हैं। जबकि प्रथम गुरु तो मां होती है। जिस प्रकार गेहूं के एक दाना से बहुत दाना उत्पन्न होता है। पृथ्वी अपने लिए कुछ भी नहीं छुपाती हजार गुना कर देती है। उसी प्रकार माता-पिता है जो अपने लिए कुछ नहीं छुपाते सब कुछ अपने बच्चों को दे देते हैं। उन्होंने कहा कि, हम अपने शिष्यों को घर छोड़ देने या परिवार छोड़ने नहीं कहते। आप अपने परिवार को भी पालिए व एक-दूसरे के सहयोग से समाज को भी। एक हाथ से व्यापार करे तो एक हाथ से समाज की सेवा भी करें। त्रिदिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन महाभंडारा के साथ पूर्णाहुति हुआ। जिसमें हजारों भक्तों ने साधना शिविर में भाग लिया। साथ ही महाभंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। महोत्सव में दूर-दूर से भी भक्त आश्रम पहुंचे हुए थे। अंतिम दिन ब्रम्हदीक्षा लेने बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इस दौरान आचार्य मनीष अग्रवाल, हेमंत साहू, प्रथम प्रचारक डिगेश्वर साहू, महेन्द्र वर्मा, प्रांताध्यक्ष प्रदीप नायक, आचार्य संतोष शर्मा, कमल शर्मा, भुवनेश्वर साहू, योगेश वर्मा, छाया वर्मा, माधुरी वर्मा, सत्या पटेल, रीता भीमकर, सुनिता वर्मा, कुलेश्वरी पुष्पलता नायक, लक्ष्मी बघेल, कृष्णा वर्मा, सक्षम, नूतन,, अदिति ,शंकर साहु, यादराम साहू, कैलाश, तुलाराम वर्मा, केशांत वर्मा, दिनेश ध्रुव, जशवीर कैवर्त, जितेंद्र पटेल सहित सदविप्र समाज के लोग, भक्त व भारी संख्या में दूरदराज सहित आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहे।

6 वोटों से जीती कांग्रेस

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद उपचुनाव में मोहभट्ठा वार्ड क्रमांक 6 जहां विगत 20 वर्षो से भाजपा कब्जा जमाया बैठी थी, आज वह किला ढह गया। कांग्रेस प्रत्याशी धर्म सिंह वर्मा ने भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण यादव को भारी कशमकश भरे चुनाव में 6 वोटों के अंतर से पराजित किया। इस उपचुनाव में जहां एक ओर कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई थी, वहीं भाजपा जो मोहभट्ठा को अपना अभेदगढ़ मानती थी, उसे बचाने में कामयाब नहीं रही। भाजपा के सारे नेताओं ने मोहभट्ठा उपचुनाव में अपनी ताकत झोंक दी थी, फिर भी वह अपनी हार को नहीं टाल सकें। जहां कांग्रेस इस बार एकजुट होकर विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में चुनाव का प्रचार प्रसार संभाली, जिसकी कमान शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमन गोस्वामी सहित सभी पार्षदों ने कांग्रेस की जीत में अपनी अहम भूमिका अदा की। विधायक आशीष छाबड़ा ने भी समय-समय पर वार्ड में समय देने के साथ कांग्रेसजनों को जीत के गुर सिखाए। इस उपचुनाव में जीत से जहां कांग्रेस में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए एक रिचार्ज हुआ, साथ ही साथ कांग्रेसियों का मनोबल भी देखते बन रहा हैं, वहीं भाजपा खेमे में पूरी तरह से मायूसी छाई हुई हैं।

विधायक आशीष छाबड़ा ने इस जीत का श्रेय मोहभट्ठा की जनता को दिया हैं, जिन्होंने विकास को लक्ष्य बनाकर अपने वार्ड पार्षद का चुनाव किया हैं। विधायक आशीष छाबड़ा ने नगरवासियों को विश्वास दिलाया हैं कि वह नगर की समस्याओं को लेकर सजग हैं। लगातार जनता की मांगों पर कार्यवाही की जा रही हैं और नगर विकास को लेकर जनता की भावनाओं का पूरा पूरा ध्यान रखा जाएगा। विधायक आशीष छाबड़ा ने इस जीत पर शहर कांग्रेस कमेटी सहित नगर पालिका परिषद के सभी सदस्यों को भी बधाई दी हैं, जिनके प्रयासों से यह जीत हो सकी हैं। जीत के बाद विजय प्रत्याशी धर्म सिंह वर्मा ने अपना विजय जुलूस निकाला तथा विधायक आशीष छाबड़ा से सौजन्य भेंट की, विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय में इस बड़ी जीत पर खूब पटाखे छोड़े गए तथा कांग्रेसियों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाइयां दी।

लापरवाह कर्मचारियों को नोटिस जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। संभागायुक्त महादेव कावरे ने जिला कार्यालय कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होनें खनिज विभाग, आबकारी, तहसील कार्यालय और जिला पंचायत सहित अन्य कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन कर कर्मचारियों से भी बातचीत की। उन्होंने आम लोगों के राजस्व संबंधी आवेदनों का समय-सीमा पर निराकरण सुनिश्चित करने तथा कार्यालय में प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने आवेदनों के निराकरण की स्थिति, कार्यालय प्रबंधन, साफ- सफाई का भी जायजा लिया और अपूर्ण अभिलेखों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने खनिज की लम्बी अवधि से कैश बुक का संधारण नहीं होने पर नाराजगी जतायी और उसे ठीक करने निर्देश दिए। लापरवाह कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने कहा और समय पर सभी कर्मचारियों को कार्यालय आने के निर्देश दिए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को समय पर मिले और उन्हें भटकना न पड़े। कमिश्नर ने तहसील कार्यालय के समस्त रिकार्ड रूम का मूल्यांकन करने तथा राजस्व प्रकरणों, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि को तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी उपस्थित थे। अनुविभागीय दण्डाधिकारी सुरुचि सिंह ने लंबित प्रकरणों का निराकरण के साथ ही सीमांकन, भू-आवंटन, भू-अर्जन आदि के संबंध में संभागायुक्त को अवगत कराया। तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रूम देखा और उसे व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील परिसर को हरा-भरा करने, वाहन पार्किंग, साफ-सफाई बेहतर से बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कानून भू-शाखा, वीसी कक्ष सहित अन्य शाखाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने कोटवारों के स्वास्थ्य परीक्षण कराने को भी कहा। इसके साथ तहसील में बिना ड्रेसकोड के भृत्य दिखाई देने पर अधिकारियों को ड्रेसकोड का पालन कराने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कार्यालय में स्टाफ की उपलब्धता संबंधी जानकारी ली। उन्होंने न्यायालयीन कार्यों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने को कहा।

संभागायुक्त कावरे ने जिला पंचायत बेमेतरा के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए, साथ ही विभिन्न योजना के अलग-अलग बैंकों में खाता होने के संबंध में वस्तुस्थिति की जानकारी ली।

नेवशा सोसायटी में सभा का आयोजन

नवागढ़/नवप्रदेश। सेवा सहकारी समिति नेवशा में शुक्रवार को वार्षिक साधारण सभा का आयोजन हुआ। जिसमें अध्यक्ष भुवनराम साहू के द्वारा किसानों को राज्य शासन की 51 योजनाओं का पुस्तक वितरण किया गया। उन्होंने गुरुदयाल सिंह बंजारे विधायक नवागढ़ की प्रशंसा करते हुए छग सरकार को किसान हितैषी सरकार बताया।सभा मे समिति के लाभ हानि के बारे में बताया गया। किसानों को अधिक से अधिक समितियों में जुड़ने के लिए कहा गया। इस दौरान समिति प्रबंधक अर्जुन सेन, सरपंच तुलसी साहू शिवकुमार साहू, घनश्याम साहू, जगमोहन जगन्नाथ साहू, प्रताप सारथी, तिलकराम साहू सहित किसान मौजूद रहे।

लायंस क्लब की नई कार्यकारिणी तैयार

बेमेतरा/नवप्रदेश। लायंस क्लब बेमेतरा सिटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र छाबड़ा, सचिव डॉ विनय ताम्रकार, कोषाध्यक्ष शत्रुहन साहू सहित सभी पदाधिकारियों को सत्र 2023-24 के लिए शपथ अधिकारी रीजन चेयर परसन रश्मि लाखोटिया द्वारा शपथ दिलाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष अग्रवाल (केबिनेट सचिव) थे। मंच संचालन अवधेश पटेल ने किया। शेष पदाधिकारीओ उपाध्यक्ष ताराचंद माहेश्वरी, प्रकाश शितलानी, घनश्याम अग्रवाल, सहसचिव लूणकरण गांधी, सहसचिव घासीराम वर्मा, सह कोषाध्यक्ष कोमल चंद जैन, टेल ट्विस्टर रितेश तापड़िया, टेमर दीपक हीरानी, पीआरओ संजू जैन, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर उत्तमचंद माहेश्वरी, लालू मोटवानी, दिनेश पटेल, मनोज गंगवानी, लालू संतवानी, चार्टर डायरेक्टर रश्मि ताम्रकार को भी शपथ दिलाया गया। शपथ ग्रहण समारोह में लायन्स क्लब कवर्धा के प्रेमचद श्रीश्रीमाल जैन, नीरज मंजीत छाबड़ा, बलदाऊ प्रसाद गुप्ता, हरीश गांधी, रामेश्वर गुप्ता, सुनीता गुप्ता, डॉ संगीता चौहान और महिंदर छाबड़ा, विशिष्ठ अतिथि प्रेमसिंह सलूजा, रिपुदमन सिंह पुसरी, सुधा साव और मीना सिंह सहित मोंटी अग्रवाल, पोषण सिंह ठाकुर, रामकुमार साहू और अशोक सोनी भी उपस्थित रहें। क्लब सचिव डॉ विनय ताम्रकार ने अपने प्रतिवेदन में लायन्स क्लब बेमेतरा द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया।

जिला अस्पताल बेमेतरा में लायन्स क्लब बेमेतरा द्वारा प्रदत्त डायलिसिस मशीन के बारे में बताया कि अब ज़िला अस्पताल बेमेतरा में पांच डायलिसिस मशीन हो गया हैं और प्रतिदिन निशुल्क डायलिसिस किया जाता हैं। आने वाले समय में डॉक्टर और सीए का सम्मान, वृक्षारोपण, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जांच शिविर, नेत्र शिविर, नशा मुक्ति कार्यक्रम का अयोजन सहित अन्य कई सेवा कार्य किया जाएगा।

इंदौरी में पात्रतानुसार हितग्राहियों को किया जा रहा राशन वितरण

■ **कलेक्टर ने शिकायत मिलने पर तत्काल लिया संज्ञान में लिया**

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा विकासखंड के सेवा सहकारी समिति इंदौरी के शासकीय उचित मूल्य की दुकान की शिकायत मिलने पर कलेक्टर जनमेजय महोबे ने गंभीरता से संज्ञान में लिया। कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य दुकान की जांच के लिए एसडीएम और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल गांव भेजा। जांच के दौरान लगभग सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे, जिनसे पुछ-ताछ की गई। सम्पूर्ण जांच उपरांत यह ज्ञात हुआ की शासकीय उचित मूल्य की दुकान इंदौरी में किसी भी तरह की अनियमितता, राशन की अफरातफरी नहीं किया गया है। उनके द्वारा पात्रतानुसार सभी हितग्राहियों को राशन वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर कवर्धा एसडीएम पी.सी. कोरी, खाद्य अधिकारी अरूण कुमार मेश्राम, खाद्य निरीक्षक आकाश भूतड़ा, हिमांशु केशरवानी द्वारा दुकान की जांच की गई।

जांच के दौरान पाया गया कि ग्रामवासियों द्वारा आपसी सहमति से मवेशियों, बंदरो से खेतों की सुरक्षा के लिए स्थानीय व्यवस्था के अनुसार काम पर लगाए गए रखवार को चांवल दान कर रहें है। जिसे तत्काल प्रभाव से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कवर्धा व खाद्य अधिकारी द्वारा रोका गया।

संलग्नीकरण कर अधिकारी ने अपने चहेतों को दिया सीईओ का प्रभार

■ सहायक परियोजना अधिकारी को प्रभार सौंपने के निर्देश की अवहेलना

■ जिला व्यापार उद्योग विभाग के प्रबंधक सहायक संचालक को प्रभार दिया

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा जिला प्रशासन ने शासन के अनुमति के बगैर ही अन्यत्र विभागीय अधिकारी को जनपद पंचायत कोंटा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी का संलग्न कर प्रभार दिया गया। जबकि शासन द्वारा निर्देशित पत्र में जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रिक्त पदों कि पदस्थापना के लिए बनाई गई नीति निर्धारित की कंडिका (2) के आधार पर समीपस्थ जनपद के नियमित मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अनुपलब्धता पर ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी/विकास खंड अधिकारी जो जिला पंचायत में सहायक परियोजना अधिकारी हो को प्रभार दिए जाने एवं सहायक परियोजना अधिकारी का विकास विस्तार अधिकारी/सहायक विकास विस्तार अधिकारी से लिए जाने के निर्देशों की अनदेखी कर शासन के नियमों का उल्लंघन करते हुए जिला व्यापार उद्योग विभाग सुकमा के प्रबंधक सहायक संचालक कैलाश कश्यप को वर्ष 2019 में जिला प्रशासन द्वारा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रभार सौंप दिया गया था।

नवप्रदेश खबर का असर

विभागीय संवर्ग अधिकारी की उपलब्धता, फिर क्यों अन्यत्र को प्रभार

जबकि शासकीय पत्र के कंडिका (3) में कहा गया है की,उपरोक्त परिस्थितियों के अतिरिक्त अन्य किसी भी परिस्थिति में अन्यत्र विभाग/संवर्ग के अधिकारी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रभार शासन के अनुमति पर ही दिया जा सकेगा व कंडिका (4) के अनुसार किसी भी परिस्थिति में स्थानीय स्तर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का स्थानांतरण/प्रभार परिवर्तन नही किए जाने का स्पष्ट रूप से उल्लेखित हैं! बावजूद इसके जिला प्रशासन का शासन की आदेशों की अवमानना कर विभागीय संवर्ग अधिकारी के उपलब्धता के बाद भी अन्य विभागीय अधिकारी को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रभार दिया जाना, प्रशासन के कार्यशैली पर अब कई बड़े सवाल खड़े कर रहा हैं?

बार - बार शासन के निर्देशों की हो रही अनदेखी

लगातार बार बार आखिर क्यों और किन कारणों से जिला प्रशासन सुकमा लगातार एक के बाद एक छत्तीसगढ़ शासन के शख्त निर्देशों को नजरंदाज कर अनियमितता बरत रहा हैं!! ऐसे में यह कहना गलत नही होगा की शासन के निर्देशों का जिला प्रशासन द्वारा लगातार की जा रही अव्हेलना कोई इत्तेफाक नहीं हैं। बल्कि जानकारों का कहना है कि कही न कही प्रशासनिक सेवा में बैठे अधिकारियों को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा हैं, जिससे इनपर शासन की कार्यवाही का कोई डर नहीं हैं। इसलिए जिला प्रशासन में बैठे नुमाइंदों के हौसले बुलंद हैं। शायद यही कारण हैं की अब जिला प्रशासनिक अधिकारी भी शासन के निर्देशों की अवमानना करने से भी नही कतरा रहे हैं।

पहले आदेश दिखाएं, फिर मामले में करेंगे बात

वही सुकमा कलेक्टर ने कहा कि संबंधित विषय पर पहले आदेश दिखाएं फिर मामले पर बात करेंगे।

दूध नदी में पुल बनाने का काम पूरा

■ संसदीय सचिव शोरी ने आवागमन प्रारंभ करने झण्डी दिखाई

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर शहर बाईपास के मनकेसरी-गढ़पिछवाड़ी के बीच दूध नदी पर बनने वाली पुल के निर्माण कार्य पूरा होने पर उक्त बाईपास का उपयोग अब आम नागरिकों के लिए प्रारंभ हो गया है। इस संबंध में कांकेर विधायक एवं संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने 30 जून को सुबह 10.30 बजे नवनिर्मित पूल में आवागमन को सुचारू रूप से प्रारंभ करने के लिए हरी झण्डी दिखाकर वाहनों को उक्त बाईपास मार्ग से प्रारंभ करवाया। अब उक्त बाईपास में नियमित रूप से वाहन चलने से शहर भीतर यातायात दबाव कम होगा इससे दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। इस संबंध में कांकेर विधायक संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने शहरवासियों की लम्बे समय से ट्रेफिक समस्या के निराकरण की मांग रही है क्योंकि शहर के भीतर सदैव सड़क दुर्घटना की आंशका बनी रहती थी इसलिए बाईपास के निर्माण कार्य को तेजी पूर्वक करवाया गया। अब शहरवासियों को भारी वाहनों एवं यातायात के दबाव से निजात मिलेगी। इस दौरान प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती सुभद्रा सलाम, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि सुनील गोस्वामी, तरेन्द्र भण्डारी, निर्माण कम्पनी के जी.एम. टी.भास्कर राव अभिषेक सिंह टीम लीडर नायडू तथा नेशनल हाईवे के एसडीओ राकेश नेताम सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे ।

44 नपा में व 2 नपं में मुख्यमंत्री मितान योजना का विस्तार

■ कांकेर शहर में भी मिलेगा मितान के माध्यम से घर पहुंच सेवा

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के 18 अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का शुभारंभ किया, साथ ही 30 नई मेडिकल मोबाईल यूनिट, 44 नगर पालिकाओं में व 02 नगर पंचायतों में मुख्यमंत्री मितान योजना का विस्तार किया। मुख्यमंत्री मितान योजना से कांकेर शहर के नागरिक भी लाभान्वित होंगे। जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, आय-जाति निवास प्रमाण पत्र, नवजात शिशु का आधार पंजीयन, श्रमिक कार्ड में सुधार का कार्य, नल कनेक्शन, भवन निर्माण अनुज्ञा, गुमास्ता लाइसेंस, ट्रेड लाइसेंस, राशन कार्ड, विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन इत्यादि सुविधाओं सहित 25 नागरिक सेवाओं का लाभ घर पहुंच सेवा के माध्यम से मिलेगा। टोल फ्री नंबर 14545 में कॉल कर मितान के माध्यम से घर पहुंच सुविधा का लाभ लिया जा सकता है। नगर पालिका कांकेर में एक मितान की नियुक्ति भी हो चुकी है। मितान स्नेहांशु दत्ता के मोबाइल नबंर 62608-70965 पर फोन कर उक्त नागरिक सुविधाओं का लाभ घर पहुँच सेवा के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क कांकेर का भी भूमिपूजन वर्चुअल माध्यम से किया। कांकेर के मनकेसरी में 02 करोड़ रूपये की लागत से स्थापित होने वाले इस अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क में छोटे व लघु मूलक व्यवसाय करने वाले स्थानीय विक्रेताओं को दोना-पत्तल, गोबर पेंट बनाने, लाख प्रसंस्करण कार्य, फ्लाईएस, पेवर ब्लाक इत्यादि व्यवसायों में प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अलावा पीपीटी मोड में भी कोई फर्म हिस्सा लेना चाहें तो वे भी इसमें शामिल हो सकते हैं। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना से कांकेर शहरी क्षेत्र के लगभग 100 अतिरिक्त लोगों को सीधा रोजगार मिलेगा। हुई

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित शहरी योजनाओं का विस्तार के वर्चुअल कार्यक्रम में संसदीय सचिव एवं कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी, नगरपालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष सरोज ठाकुर, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर जी.एस. नाग, मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश यादव, आरती श्रीवास्तव, नरेष बिछ्यिा, माला तिवारी, लीना मनोज जैन, दीपक शोरी, आनंद चौरसिया, अजय सिंह रेणु, मुकेश तिवारी, सादाब खान, कमला गुप्ता, गफ्फार मेमन, मनोज जैन, लक्ष्मणपुरी गोस्वामी, सोमेश सोनी, यासीन कराणी, अमन गायकवाड, सुनील गोस्वामी सहित पार्षदगण, एल्डरमैन, महिला स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष व सदस्य सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला आयोजित

■ प्रवर्तन दल ने चालानी कार्यवाही कर 3 हजार 850 रूपये वसूला जुर्माना

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर जिला में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय प्रवर्तन दल के सदस्यों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. टी. आर. कुवंर के मार्गदर्शन में एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के नेतृत्व में पुलिस, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, श्रम, नगरीय निकाय, खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं परिवहन विभाग की सहभागिता से कार्यशाला में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार विमर्श किया गया। उक्त कार्यशाला को संभागीय सलाहकार प्रकाश श्रीवास्तव ने संबोधित किया एवं कार्यशाला संचालन का कार्य जिला नोडल अधिकारी डॉ यखिलेश्वरी ठाकुर ने संपादित किया। कार्यशाला उपरांत संयुक्त प्रवर्तन दल ने शहर के दुकानों में दबिश देकर कोटपा अधिनियम 2003 का उल्लंघन करने वाले 36 व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 3850 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग

Email ID :- durgmc2019@gmail.com Phone :- 0788-2322148

-: मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना :-

क्रमांक/420/लो.क.वि./2023 दुर्ग, दिनांक 27.06.2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि. में प्रचलित भवन/सड़क एस.ओ.आर 01.01.2015 के आधार पर तथा निविदा दिनांक से संशोधित दर पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 04.07.2023
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 11.07.2023
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 18.07.2023
निविदा खोलने की तिथि - 19.07.2023 (सायं 4.00 बजे)

क्र.	कार्य स्थल/कार्य का नाम	अनु. लागत (रू.लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र की कीमत	निविदा प्रपत्र का प्रकार	ठेकेदार की श्रेणी	समयावधि
1.	वार्ड क्र.15 करहीडीह स्थित पानी टंकी पहुंच मार्ग का मरम्मत संधारण कार्य।	0.50	1000/-	300/-	"अ"	"द" एवं अपर	01 माह
2.	वार्ड क्र.15 करहीडीह स्थित पानी टंकी पहुंच मार्ग में गड्ढे का मरम्मत संधारण कार्य।	0.50	1000/-	300/-	"अ"	"द" एवं अपर	01 माह
3.	वार्ड क्र.17 दुर्गा मंच से शक्ति नगर नाला तक सी.सी. रोड संधारण कार्य।	01.96	2000/-	300/-	"अ"	"द" एवं अपर	01 माह
4.	वार्ड क्र.17 देवांगन बाड़ा से राजू साहू तथा आशीष पालीवार से संतोष व जीवन साहू तथा दुर्गा मंदिर से मुक्तिधाम नाली संधारण।	01.49	2000/-	300/-	"अ"	"द" एवं अपर	01 माह
5.	वार्ड क्र.17 में साहू किराना से खगराज के घर व अन्य गली के नाली संधारण।	01.49	2000/-	300/-	"अ"	"द" एवं अपर	01 माह
6.	वार्ड क्र.57 रामनगर राजू चंद्राकर घर के पास नाली/सीमेंट सड़क मरम्मत संधारण कार्य।	1.98	2000/-	300/-	"अ"	"द" एवं अपर	01 माह
7.	वार्ड क्र.57 राम नगर में नाली मरम्मत संधारण कार्य।	1.99	2000/-	300/-	"अ"	"द" एवं अपर	01 माह
8.	वार्ड क्र.57 में सीमेंट सड़क मरम्मत संधारण कार्य।	1.97	2000/-	300/-	"अ"	"द" एवं अपर	01 माह
9.	वार्ड क्र.21 में विभिन्न स्थानों पर नाली संधारण कार्य।	1.90	2000/-	300/-	"अ"	"द" एवं अपर	01 माह
10.	वार्ड क्र.59 में विभिन्न स्थानों पर नाली संधारण कार्य।	1.92	2000/-	300/-	"अ"	"द" एवं अपर	01 माह

-:: नियम एवं शर्तें ::-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन के साथ जीवित पंजीयन की प्रति, पेन कार्ड की प्रति, अमानत राशि लिफाफे में अंतिम, मासिक/तिमाही का जी.एस.टी. रिटर्न, वित्तीय वर्ष 2022-23 का ITR (इन्कम टैक्स रिटर्न) की प्रति संलग्न करना होगा। निविदा के साथ संलग्न दस्तावेजों के सही होने एवं किसी भी विभाग में ब्लेक लिस्ट नहीं होने बाबत् शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य आयुक्त, नगर निगम, दुर्ग को नगद राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है।
3. अमानत राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त, नगर पालिक निगम, दुर्ग एवं संबंधित निविदाकार के संयुक्त नाम से देय होगा।
4. प्रथम लिफाफा "अ" में अमानत राशि डालना होगा एवं अमानत राशि संबंधी जानकारी लिफाफा में उल्लेख करना होगा।
5. लिफाफा "ब" में निविदा प्रपत्र में निविदा दर प्रस्तुत करना होगा।
6. लिफाफा "स" में लिफाफा "अ" और "ब" को रखना होगा, जिसके उपर निविदा क्रमांक एवं कार्य का विवरण अंकित करना होगा।
7. अनुमानित निविदा लागत से 10% से कम निविदा दर प्राप्त होने पर नियमानुसार निविदा दर एवं अनुमानित लागत के 90% के अंतर की राशि का एफ.डी.आर. परफार्मेन्स गारंटी के रूप में आयुक्त, नगर पालिक निगम, दुर्ग के नाम से अनुबंध के पूर्व जमा करना होगा, अन्यथा की स्थिति में अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी।
8. छ.ग. शासन द्वारा निर्माण कार्य में प्रयुक्त प्रचलित नियमों/अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधान का पालन करना अनिवार्य होगा।
9. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा।
10. निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम, दुर्ग के पास सुरक्षित रहेगा।
11. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जायेगी। अत: नियमित रूप से वेबसाईट का अवलोकन करें।
12. निविदाकारो को निविदा के समय EPF एवं ESIC पंजीयन सहित चालान की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में कार्य का अंतिम भुगतान रोका जावेगा/वसूली की जायेगी।
13. सड़क निर्माण कार्यों हेतु 03 वर्ष के लिए 5 प्रतिशत परफामेंस गारंटी की राशि रोकी जावेगी।
14. कार्य के प्रारंभ के पूर्व तथा पृथक-पृथक चरणों में जीओ टेगिंग फोटो लेना तथा फाईल में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
वास्ते/आयुक्त
नगर पालिक निगम, दुर्ग

मुख्यमंत्री ने किया शहरी योजनाओं का विस्तार

■ प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का किया शुभारंभ

जगदलपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शहरी योजनाओं का विस्तार सेवा पहुंच रही है। आपके द्वार के तहत अपने रायपुर स्थित निवास कार्यालय से वर्जुअली माध्यम से 18 अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क (यूआईपीए) का शुभारंभ, 30 नई मोबाईल मेडिकल यूनिट, 44 नगर पालिकाओं में व 2 नगर पंचायत तों में मुख्यमंत्री मितान योजना का विस्तार किया। वर्चुअली कार्यक्रम के अवसर पर जगदलपुर के टॉउन हाल में संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, महापौर सफीरा साहू, अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार, इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, नगर पालिका निगम के एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव, सुषमा कश्यप, पार्षदगण, जिला पंचायत के सीईओ प्रकाश सर्वे, आयुक्त नगर निगम के एस पैकरा सहित गणमान्य नागरिक और निगम प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

बिजली की समस्या से ग्रामीणों को मिली राहत

कांकेर/नवप्रदेश। नरहरपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत डुमरपानी मे 33/11 के वी उप केंद्र सब स्टेशन का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जिसके मुख्य अतिथि शिशुपाल शोरी विधायक संसदीय सचिव छ ग शासन के आतिथ्य में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर विधिवत लोकार्पण किया विधायक शोरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डुमरपानी के ग्रामीणों मुझे मांग किये हुए थे जिसे मैंने भेट मुलाकात मुख्यमंत्री कार्यक्रम बादल में प्रदेश के यसस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केपास मांग पत्र दिया जिसे तुरन्त मंच से ही घोषणा किया और यह काम चालू हो गया और कम समय मे यह सब स्टेशन बनकर तैयार हो गया जिसका आज विधिवत लोकार्पण किया गया जिससे इस सब स्टेशन से डुम 'पानी बिरनपुर करिया पहर मुरुमतरा देवीनवागाव बागडोगरी मर्राम पानी बहना पानी थानाबोड़ी लीलवापहर किशनपुरी श्रीगुहान नावड़बरी आदि गावो को इसका लाभ मिलेगा और लोबोल्टेज कि समस्या नही होगा इस कार्यक्रम में हेमलाल मरकाम जिला पंचायत सदस्य संजुलता नेताम जनपद अध्यक्ष यमुना देवी सिन्हा जनपद सदस्य मीना मरकाम सरपंच दिनेश पटेल उपाध्यक्ष न प मोती साहू एल्डर मेन टकेश्वर सिन्हा एल्डर मेन मनीराम सिन्हा मीडिया प्रभारी वासुदेव बघेल ग्राम सचिव कंस नेताम राजकुमार पटेल मनसाराम नेताम गौकरण मंडावी पटेल बिहारी शोरी तथा बिधुत विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

100 सीटर्स बालक क्रीड़ा परिसर संचालन की अनुमति

■ शिशुपाल शोरी की पहल से खिलाड़ियों को मिली सौगात

■ खेलबो पढ़ओ जीवन ल गढ़बो-शिशुपाल शोरी

कांकेर/नवप्रदेश। संसदीय सचिव छ.ग. शासन एवं कांकेर विधायक शिशुपाल शोरी ने जिले के खिलाड़ियों के लम्बे समय की मांग को पूरा करवाते हुए कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड मुख्यालय नरहरपुर में 100 सीटर्स बालक क्रीड़ा परिसर संचालन की अनुमति मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं ट्राईबल मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम के विशेष पहल करवा कर जिले के खिलाड़ियों को यह सौगात दी है। अनुसूचित जाति एवं जनताति विकास विभाग द्वारा संचालित इस क्रीड़ा परिसर में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के छात्र विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए पढ़ाई भी करेंगे। ज्ञातव्य हो कि नरहरपुर क्षेत्र में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, हैण्डबाल इत्यादि खेलों में राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभाएं निकल रहे हैं। बालिकाओं के लिए 100 सीटर्स क्रीड़ा परिसर कांकेर में संचालित है परन्तु बालकों के लिए पूरे कांकेर जिले में कोई प्रशिक्षण संस्थान नहीं था ।

वास्तव में स्कूल स्तर के खिलाड़ी बालकों के लिए नरहरपुर का यह क्रीड़ा परिसर खेल जगत में मील का पत्थर साबित होगा। इसी सत्र में नरहरपुर के बालक क्रीड़ा परिसर में भर्ती की प्रक्रिया एवं समुचित व्यवस्था करने संबंधी स्पष्ट आदेश शासन का आ चुका है। खिलाड़ियों के मन में बालक क्रीड़ा परिसर की शुरूआत होने की खबर से अत्यन्त हर्षित हैं तथा क्षेत्र के खेल प्रमियों, गणमान्य नागरिकों, बुद्धिजीवियों एवं नरहरपुर विकास खण्ड के ब्लाक अध्यक्ष नरहरुपर रोहिदास शोरी, पुरूषोत्तम पाटिल, गफ्फार मेमन, दिनेश पटेल, इंदल सिंह तारम, रामप्रसाद शोरी, देवी गावड़े, श्रीमती ललिता शोरी, गीता बेसरा, नरसो कल्लो, बिरेन्द्र जैन, महाजन मण्डावी, रूखमणी नेताम, मोती साहू, परदेशी निषाद, माण्डवी दीक्षित, संजूलता नेताम, प्यारी सलाम, कौशिल्या शोरी, जमुना देवी सिन्हा, टकेश सिन्हा, मनीराम सिन्हा, कमलेश कोमरा, संत राम मरकाम, भीखम शोरी, शिवनारायण कुलदीप, सुखलाल शोरी, लतेल यादव, अजय ठाकुर, देवचंद कोड़ोपी, मुकेश रजक, नन्दलाल मण्डावी, तुलसीराम नेताम, बिरेन्द्र नेताम, प्रकाश द्विवेदी, योगेश राजपूत, रविन्द्र राजू दुबे, पंचराम कोड़ोपी, रमेश मण्डावी, चिमन मरकाम, उपेन्द्र कुमार मण्डावी, हजारी कुंजाम, प्रमोद कुंजाम, रोहन सिन्हा, नीलू कलिहारी, धर्मेन्द्र सेन, शेखर सलाम, मृत्युजंय साहू, पुस्कर साहू, दिनेश सहारे, ईश्वर मण्डावी, सुरेन्द्र नेताम, महेश वट्टी।हरि कोर्राम, मानबती गंगाराम कोडोपी, जागेश्वर सिन्हा ने विधायक शिशुपाल शोरी को मुक्त कंठ से प्रशंसा की जा रही है।

फिर धमाल मचाएगा 3 इडियट्स का सीक्वल

बॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक रही 3 इडियट्स फिल्म को आज भी लोग उतना ही पसंद करते हैं, जितना रिलीज के समय किया गया था। फिल्म को लेकर आज भी लोगों में उतना ही क्रेज है। साल 2009 में रिलीज हुई इस फिल्म को लोगों का खूब प्यार मिला था। हाल ही में शरमन जोशी ने अपनी अपकमिंग सीरीज कफस के प्रमोशन के दौरान 3 इडियट्स के सीक्वल को लेकर बड़ी जानकारी दी है। जब एक्टर से 3 इडियट्स के सीक्वल को लेकर उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि इस फिल्म के डायरेक्टर राजकुमार हिरानी इसके दूसरे पार्ट की कहानी पर काम कर रहे हैं।

दरअसल एक इंटरव्यू के दौरान शरमन जोशी ने 3 इडियट्स के दूसरे पार्ट के बारे में बताया %कितना मजा आएगा अगर ये हुआ तोज.आप सभी को बता दूं, राजू सर को पता है कि आप कितनी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वे दर्शकों को कभी निराश नहीं करते हैं, उन्होंने एक-दो बार कुछ कहानियां शेयर की थीं लेकिन, कुछ महीने बाद जब उनसे पूछा गया कि उन कहानियों का क्या हुआ तो उन्होंने कहा कि वे कहानियां रुक गई थीं, वर्कआउट नहीं हो रहा था। आगे शरमन ने फिल्म के सीक्वल के बारे में बात करते हुए बताया %वे इस फिल्म के सीक्वल को बनाने के लिए काफी एक्साइटेड हैं, वे फिलहाल फिल्म की कहानी पर काम कर रहे हैं। आप बेफिक्र रहिए, जब भी फिल्म की कहानी पूरी हो जाएगी हम उस कहानी पर काम करेंगे, एंजॉय करेंगे और दर्शकों को एंजॉय कराएंगे। बता दें कि साल 2009 में रिलीज हुई फिल्मों में से 3 इडियट्स ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।

हॉउसफुल 5 लेकर आ रहे हैं अक्षय कुमार

बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर अक्षय कुमार हर साल की तरह इस साल भी अपनी कई सारी फिल्में लेकर आने वाले हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से अक्षय की फिल्में अपना कमाल नहीं दिखा पा रही हैं। ऐसा लग रहा है मानों किसी की नजर लग गई हो, एक्टर की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर लगातार फ्लॉप हो रही हैं। इसी बीच अब अक्षय कुमार अपना नया प्रोजेक्ट लेकर आ गए हैं। साजिद नाडियाडवाला की फिल्म %हाउसफुल% की फ्रेंचाइजी काफी सक्सेसफुल रही है। इस फिल्म के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं, जिसमें से तीन पार्ट ने दर्शकों को काफी एंटरटेनमेंट किया। लेकिन चौथा पार्ट दर्शकों को खासा पसंद नहीं आया।

हाउसफुल ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रितेश देशमुख की जोड़ी को काफी पसंद किया गया है। अब एक बार फिर ये जोड़ी लोगों को हंसाने के लिए तैयार है। अक्षय ने हाल ही में हाउसफुल 5 का एक मजेदार पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को शेयर करने के साथ ही उन्होंने फिल्म कब रिलीज होगी, इस बारे में भी जानकारी दी है। दरअसल अक्षय ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर हाउसफुल 5 का नया पोस्टर शेयर किया है। जिसमें पोस्टर काफी कलरफुल दिखाई दे

रहा है, जिस पर हाउसफुल 5 लिखा हुआ है। इसके साथ ही खास कैप्शन भी लिखा है।

रिलीज डेट का किया ऐलान

इस पोस्टर को शेयर करने के साथ ही अक्षय ने कैप्शन में लिखा %पांच गुना मैडनेस के लिए आप तैयार हो जाइए।% बता दें कि हाउसफुल 5 अब तक एक अकेली ऐसी फ्रेंचाइजी है, जिसके अब तक पांच पार्ट आए हैं। हाउसफुल के दूसरे, तीसरे और चौथे पार्ट में कई स्टार्स बदले गए हैं, लेकिन हर पार्ट में अक्षय कुमार और रितेश देशमुख की जोड़ी देखने को मिली है। वहीं अब साजिद खान और फरहाद सामजी के बाद हाउसफुल 5 को तरुण मनसुखानी डायरेक्ट करते हुए नजर आएंगे। वहीं हाउसफुल 5 की रिलीज डेट की बात करें तो ये फिल्म दिवाली के खास मौके पर साल 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

जी ले जरा : अब आलिया, कैटरीना साथ नजर आएंगी

बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक जी ले जरा लगातार डीले होती जा रही है। अब इस फिल्म से जुड़ी एक नई अपडेट सामने आ रही है। इस फिल्म को प्रियंका चोपड़ा ने ना कह दिया है। फिल्म का निर्देशन फरहान अख्तर करने वाले हैं। काफी लंबे समय के बाद फरहान निर्देशन की कुर्सी पर वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म का आइडिया प्रियंका चोपड़ा ने ही दिया था।

वे इस फिल्म में कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट के साथ नजर आने वाली थीं। ये फिल्म साल 2021 से ही चर्चा में बनी हुई है। तीनो को लेकर फिल्म बनाई जाने वाली थी, जिसे सुनकर फैंस काफी एक्साइटेड थे।तीनों एक्ट्रेस पहली बार एक-दूसरे के साथ काम करने वाली थीं। हालांकि अब प्रियंका

चोपड़ा इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। उनके बाहर होने के कई सारे कारण सामने आए हैं। तीनों की डेट को लेकर काफी परेशानी आ रही थी। तीनों एक्ट्रेस के बिजी शेड्यूल चल रहे हैं। प्रियंका अपनी अगली हॉलीवुड फिल्म साइन कर चुकी हैं। वहीं कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट के पास भी कई अपकमिंग प्रोजेक्ट्स है। प्रियंका और आलिया अपनी पर्सनल लाइफ में भी काफी बिजी रहती हैं। अपनी बेटियों के साथ वे पूरा समय बिताती हैं।इस खबर को सुनने के बाद प्रियंका के फैंस काफी निराश है। अख खबरें आ रही हैं कि प्रियंका की जगह अनुष्का शर्मा या कियारा आडवाणी को लिया जा सकता है। हालांकि इस बारे में अभी कोई अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। एक्ट्रेसेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में कियारा आडवाणी सत्यप्रेम की कथा फिल्म में नजर आई हैं। वहीं अनुष्का शर्मा जल्द ही चकदा एक्सप्रेस में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा आलिया भट्ट भी जल्द ही रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में दिखाई देंगी। वहीं कैटरीना कैफ टाइगर 3 की शूटिंग कर रही हैं।

अनुप्रिया ने असुर 2 की सफलता का श्रेय निर्देशक को दिया

क्राइम थ्रिलर सीरीज असुर और असुर 2 में नैना नायर की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका सीजन 2 को मिल रही प्रतिक्रिया से काफी खुश हैं। अभिनेत्री शानदार प्रतिक्रिया के लिए शो के निर्देशक ओनी सेन को श्रेय देती हैं। अभिनेत्री ने साझा किया कि वह निर्देशक के व्यक्तित्व से प्रभावित थीं। उन्होंने कहाः शो के सीजन 1 के लिए मैंने अपने कैरेक्टर के बजाय शो में शामिल लोग और स्टोरीलाइन पर विश्वास किया। मैं ओनी के व्यक्तित्व से प्रभावित थी। वह बहुत दिलचस्प हैं। दूसरे सीजन के लिए हां कहने पर उन्होंने कहा, दूसरे सीजन के लिए, गौरव शुक्ला ने वास्तव में पहले से अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने इतनी सारी परतें बनाई हैं, शो में बहुत कुछ हो रहा है। ओनी बहुत ही बारीकी से चीजों को देखते हैं। मैं शो के सभी कलाकारों की ओर से कह सकता हूं कि हमें उन पर पूरा भरोसा है। असुर 2, जिसमें अरशद वारसी, बरुण सोबती, रिद्धि डोगरा, अमेय वाघ, विशेष बंसल भी हैं, जियो सिनेमा पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।

एचडीएफसी बना दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बैंक

मुंबई। आज यानी एक जुलाई से भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक एचडीएफसी का हाउसिंग फाइनेंस कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड में विलय प्रभावी हो गया है। विलय के बाद एचडीएफसी अब बाजार मूल्य के हिसाब से जेपी मॉर्गन, आईसीबीसी और बैंक ऑफ अमेरिका के बाद दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बैंक बन गया है। यह विलय देश के कॉरपोरेट सेक्टर का सबसे बड़ा सौदा है। इसका आकार 40 अरब डॉलर का है। विलय के बाद जो नई कंपनी वजूद में आई वो देश की सबसे बड़ी फाइनेंशियल सर्विस फर्म बन गई है। इसकी कुल एसेट्स 18 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक होगी। अब एचडीएफसी बैंक में 100 प्रतिशत आम निवेशकों की हिस्सेदारी होगी। इसमें एचडीएफसी लिमिटेड के मौजूदा शेयरधारकों के पास बैंक का 41 फीसदी हिस्सा होगा। हर एचडीएफसी लि. शेयरधारक को उनके प्रत्येक 25 शेयरों के लिए एचडीएफसी बैंक के 42 शेयर मिलेंगे।

नोकिया व एप्पल ने लॉन्ग-टर्म पेटेंट लाइसेंस एग्रीमेंट पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली। नोकिया ने एप्पल के साथ एक नए पेटेंट लाइसेंस एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए, जो 2023 के अंत में समाप्त होने वाले मौजूदा लाइसेंस की जगह लेगा। एप्पल ने 2009 में आईफोन की कॉपी करने के प्रयास के लिए नोकिया पर मुकदमा दायर किया था, क्योंकि नोकिया ने कॉपीराइट उल्लंघन के लिए एप्पल पर मुकदमा दायर किया था। 2011 में मामला सुलझ गया। 2016 में, उन्होंने 2017 में एक समझौते पर पहुंचने से पहले फिर से मुकदमा दायर किया, जहां एप्पल ने नोकिया को 2 बिलियन डॉलर का भुगतान किया। नया लाइसेंस समझौता 5जी और अन्य टेक्नोलॉजी में नोकिया के



फंडामेंटल इन्वेंशन को शामिल करता है। नोकिया को मल्टी-ईयर पीरियड के लिए एप्पल से पेमेंट्स प्राप्त होगा। नोकिया टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष जेनी लुकेंडर ने कहा, हमें एप्पल के साथ ऐमकबल बेसिस पर लॉन्ग-टर्म पेटेंट लाइसेंस एग्रीमेंट करने पर खुशी है। यह एग्रीमेंट नोकिया के पेटेंट पोर्टफोलियो की स्ट्रेंथ, अनुसंधान एवं विकास में दशकों पुराने निवेश और सेलुलर स्टैंडर्ड और अन्य टेक्नोलॉजी में योगदान को दर्शाता है। नोकिया का उद्योग-अग्रणी पेटेंट पोर्टफोलियो 2000 से अनुसंधान एवं विकास में निवेश किए गए 140 बिलियन यूरो से अधिक पर बनाया गया है और यह लगभग 20,000 पेटेंट परिवारों से बना है, जिसमें 5,500 से अधिक पेटेंट परिवार शामिल हैं जिन्हें 5त्न के लिए आवश्यक घोषित किया गया है। नोकिया अपने इन्वेंशन को निष्पक्ष, उचित और गैर-भेदभावपूर्ण (एफआरएएनडी) टर्म पर लाइसेंस देने के अधिकार के बदले में ओपन स्टैंडर्ड में योगदान देता है। 2016 के मुकदमे में, नोकिया ने एप्पल पर अपने स्वामित्व वाले दर्जनों पेटेंट के साथ-साथ नोकिया सहायक कंपनियों के स्वामित्व वाले पेटेंट का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। एप्पल ने अपने आखिरी पेटेंट विवाद को निपटाने के बाद 2011 से नोकिया के साथ एक लाइसेंसिंग डील की।

बचत योजनाओं की ब्याज दरें बढ़ीं

नई दिल्ली। पीपीएफ, एसएसवाई, एससीएसएस और केवीपी में पैसा निवेश करने वालों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने आज छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों को बढ़ा दिया है। सरकार ने ब्याज दरों में 0.30 फीसदी तक का इजाफा किया है। सरकार ने जुलाई से सितंबर तिमाही के लिए लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें निर्धारित की हैं। कुछ योजनाओं पर ब्याज दरों को 0.10 से 0.30 फीसदी तक बढ़ाया गया है। अब स्मॉल सेविंग स्कीम्स पर ब्याज दरें 4.0 से 8.2 फीसदी के बीच आ गई हैं। वित्त मंत्रालय ने बीती शाम यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, सबसे ज्यादा 0.3 प्रतिशत ब्याज पांच साल के आवर्ती जमा (आरडी)

पर बढ़ाया गया है। इससे चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आवृत्ति जमा धारकों को 6.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा जो अब तक 6.2 प्रतिशत था। ब्याज दरों की समीक्षा के बाद डाकघरों में एक साल की मियादी जमाओं (एफडी) पर ब्याज 0.1 प्रतिशत बढ़कर 6.9 प्रतिशत मिलेगा। वहीं, दो साल की मियादी जमा पर ब्याज अब 7.0 प्रतिशत होगा जो अब तक 6.9 प्रतिशत था।

कोच इगोर स्टिमैक 2 मैचों के लिए निलंबित

बेंगलुरु। भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमैक को सैफ चैंपियनशिप में कुवैत के खिलाफ मैच के दौरान लाल कार्ड के अपराध के लिए दो मैचों का प्रतिबंध और 500 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। यह मैच 1-1 से ड्रॉ रहा था।

ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने बताया, कुवैत के खिलाफ मैच के दौरान रेड कार्ड के अपराध के लिए भारतीय फुटबॉल कोच इगोर स्टिमैक पर दो मैचों का प्रतिबंध और 500 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया गया।

टूर्नामेंट में यह उनका दूसरा रेड-कार्ड अपराध था। उन्होंने इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ भारत के शुरुआती अभियान में रेड-कार्ड का अपराध किया था। सैफ चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबले में भारत का मुकाबला लेबनान से होगा।

अपने आखिरी मैच में, भारत और कुवैत ने मंगलवार को बेंगलुरु के श्री कांतीरावा स्टेडियम में सैफ चैंपियनशिप 2023 के अंतिम ग्रुप ए मुकाबले में 1-1 से ड्रा खेला। लेबनान ने अपने पिछले मैच में मालदीव को 1-0 से हराया था। गुरुवार को जारी नवीनतम फीफा पुरुष रैंकिंग के अनुसार, इंटरकांटिनेंटल कप जीत के कारण भारत एक स्थान ऊपर चढ़कर 100वें स्थान पर पहुंच गया है।

वर्ल्ड कप से 500 करोड़ खर्च करेगा बीसीसीआई

नई दिल्ली। आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप का शेड्यूल सामने आ चुका है और इस बार भारत वर्ल्ड कप की मेजबानी करने जा रहा है। अक्टूबर में इसकी शुरूआत होगी और नवंबर में इसका समापन होगा। इसके साथ ही वेन्यू भी फिक्स हो चुके है और तय हो चुका है की कहा और किस शहर में कितने

मैच खेल जाने है। लेकिन टूर्नामेंट से पहले सभी स्टेडियम का इन्फ्रास्ट्रक्चर अपडेट किया जाएगा। इसके लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड 500 करोड़ रुपए खर्च करेगा मीडिया रिपोटर्स की माने तो सभी 10 स्टेडियम को 50-50 करोड़ रुपए बांटे जाएंगे। मुंबई में नई फ्लडलाइट्स लगेंगी और कॉर्पोरेट बॉक्स बनेगा।

इसके साथ ही लखनऊ और चेन्नई में नई पिच तैयार होंगी, कोलकाता का ड्रेसिंग रूम अपग्रेड होगा। खबरों की माने तो इन पैसों से ही धर्मशला में इम्पोर्टेड घास की आउटफील्ड तैयार होगी। वहीं पुणे में नई छत लगेगी और दिल्ली के बदहाल वॉशरूम सुधारे जाएंगे।

नीरज चोपड़ा ने जीता लॉज़ेन डायमंड लीग

नई दिल्ली। भारतीय स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को लॉज़ेन डायमंड लीग में स्वर्ण पदक जीता। धीमी शुरुआत के बाद, ओलंपिक चैंपियन नीरज ने अपने पांचवें प्रयास में 87.66 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया। बता दें कि नीरज ने 5 मई को दोहा डायमंड लीग के बाद से किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया था, चोट के कारण इस महीने की शुरुआत में एफबीके गेम्स और पावो नूरमी गेम्स से बाहर हो गए थे।

जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने पहले प्रयास में 86.20 मीटर थ्रो के साथ शुरुआती गति तय की, वहीं, चोपड़ा एक अंक भी हासिल नहीं कर पाए। नीरज ने दूसरे प्रयास में भी 83.52 मीटर का थ्रो किया।

उन्होंने अपने तीसरे प्रयास में 85.04 मीटर का थ्रो दर्ज किया, और फिर बढ़त हासिल करने के लिए अपने पांचवें प्रयास में 87.66 मीटर का बड़ा थ्रो किया, जिससे वह फिर से शीर्ष पर

पहुंच गए। वेबर और जैकब वाडलेज्च दोनों अपने-अपने अंतिम प्रयासों के साथ चोपड़ा के निशान के करीब आ गए क्क वेबर ने 87.03 मीटर और वाडलेज ने 86.13 मीटर की दूरी दर्ज की, लेकिन वे चोपड़ा को वर्ष की दूसरी डायमंड लीग जीत से वंचित नहीं कर सके।

जीत के बाद चोपड़ा ने कहा, ÷चोट से वापसी करते हुए मैं थोड़ा घबराया हुआ महसूस कर रहा था। आज रात यहां थोड़ी ठंड थी। मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ से दूर हूं, लेकिन मुझे लगता है कि यह बेहतर हो रहा है। मुझे राहत है कि यह मेरे लिए अच्छा हो रहा है। जीत तो जीत होती है और मैं इसे खुशी से लूंगा।÷

इस साल डायमंड लीग में दो भाला फेंक स्पर्धाओं के साथ, चोपड़ा 16 अंकों के साथ आगे हैं, वेडलेज 13 और वेबर 12 अंकों के दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। इस साल डायमंड लीग में शेष तीन भाला स्पर्धाएं मोनाको (21 जुलाई), ज्यूरिख (31 अगस्त), और यूजीन (17 सितंबर) में होंगी।

सस्ती दवाएं
बेहतर उपचार
लाभार्थी
2 करोड़
पार
दुर्गम क्षेत्रों व शहरी बस्तियों में मोबाइल अस्पतालों द्वारा
1.69 करोड़ लोगों का मुफ्त इलाज
71% तक सस्ती मिल रही दवाईयां
65 लाख लोग लाभान्वित
गंभीर एवं दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए
20 लाख रु तक की सहायता
डायलिसिस, कीमोथेरेपी व
120 प्रकार की पैथोलॉजी जांच की नि:शुल्क सुविधा
छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
संवाद - 37573
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in